राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 283
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 06 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 नोएडा में निवेश के नाम पर 85 लाख ठगे

पेज 4 साइबर ठगों का गिरोह पकड़ा, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर करते

पेज 6 रोहित शर्मा ने यो-यो टेस्ट में हासिल किए 19.4 अंक, कोहली का

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब सीएम भगवंत मान की तबीयत बिगड़ी

**पंजाब।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तेज बुखार के चलते मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल की तरफ से बयान जारी कर कहा गया है कि भगवंत मान को थकावट और हार्टबीट धीमी होने की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों की टीम ने उनका चेकअप किया। अभी उनकी हालत स्थिर है। भगवंत मान 2 दिन पहले बीमार हुए थे। जिस वजह से उनका आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के साथ बाढ़ग्रस्त इलाकों में जाने का कार्यक्रम भी टल गया था। इसके बाद से उनका चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर ही इलाज चल रहा था।

### बनासकांठा में नकली नोट की फैक्ट्री पकड़ाई

**डीसा।** गुजरात में बनासकांठा पुलिस ने डीसा तालुका के महादेविया गांव में नकली भारतीय नोट बनाने वाली एक फैक्ट्री पकड़ी है। गुरुवार देर रात की गई छापेमारी में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 40 लाख रुपए से ज्यादा के नकली नोट और उन्हें बनाने के उपकरण जब्त किए हैं। बनासकांठा पुलिस की स्थानीय अपराध शाखा को विशेष सूचना मिली थी कि महादेविया गांव में नकली नोट बनाए जा रहे हैं। इसके आधार पर एलसीबी की टीम ने बीती देर रात गांव में छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने वहां से 40 लाख से ज्यादा के नकली नोट बरामद किए।



### हैप्पी मॉर्निंग


पप्पू ने अपनी नयी बनी गर्लफ्रेंड को बड़े प्यार से समझाते हुए कहा- बेबी हमारे प्यार के बारे में किसी को मत बताना गर्लफ्रेंड- तुम्हारी बहन को तो जरूर बताऊंगी पप्पू- अरे उसको क्यूं? गर्लफ्रेंड- वो हमेशा कहती थी कि कोई कुत्ते का पिल्ला ही होगा, जो तुमसे प्यार करेगा.....



### शायरी

कच्ची दीवारों को पानी की लहर काट गई
पहली बारिश ही ने बरसात की ढाया है मुझे

### अर्थसार



सेंसेक्स:
80,710.76
-7.25 (0.0090%)
निफ्टी:
24,741.00
+6.70

### मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय रविवार : 6 : 07
सूर्यास्त शनिवार : 6 : 57

# दिल्ली में मंदिर-बाजार डूबे

## राजस्थान के अजमेर में 1000 घरों में पानी; पंजाब में 43 मौतें

▶ नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 डूब गए हैं, कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भरा है





**नई दिल्ली/ चंडीगढ़/ शिमला/ देहरादून।** बारिश से पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही आ गई है। बाढ़ के चलते पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में काफी नुकसान हुआ है।

दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कई इलाकों में पानी भर गया। नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 डूब गए हैं। कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भरा है। हरियाणा के पंचकूला, हिसार, रोहतक और झज्जर में सभी स्कूल बंद हैं। फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और फरीदाबाद में भी कुछ स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गुरुग्राम की सिग्नेचर ग्लोबल सलोरा सोसाइटी में गुरुवार को पानी भर गया। इससे महिलाएं और बच्चे घरों में कैद हो गए।

राजस्थान के अजमेर में गुरुवार रात भारी बारिश के बाद बोराज तालाब की दीवार ढह गई। इससे 1 हजार से ज्यादा घरों में अचानक सैलाब आ गया। लोगों ने छतों पर जाकर जान बचाई। पानी का बहाव इतना तेज था कि कई गाड़ियां बह गईं। मकान क्षतिग्रस्त हो गए। देर रात तक लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला।

### कश्मीर का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क कटा

कश्मीर में गुरुवार को बारिश और लैंडस्लाइड के कारण जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे सहित सभी सड़कें बह गईं या टूट गईं। इससे घाटी का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क कट गया है। झेलम नदी का जलस्तर कम हो गया है। नदी अब खतरे के निशान से नीचे बह रही है। हालांकि, एहतियात के तौर पर, कश्मीर रीजन के स्कूल और कॉलेज शनिवार, 6 सितंबर तक बंद कर दिए गए हैं। जम्मू के रामबन जिले में भारी बारिश, अचानक आई बाढ़ और लैंडस्लाइड के बाद 283 घर क्षतिग्रस्त हो गए। 950 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। रामबन के डिप्टी कमिश्नर अलयास खान ने बताया कि लगातार बारिश के कारण 29 अगस्त को रामबन के राजगढ़ तहसील के द्रुबला गांव में अचानक बादल फटने से बाढ़ और लैंडस्लाइड हुई थी।

पंजाब में बाढ़ में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 43 हो गई। राज्य के 23 जिलों के 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1.71 लाख हेक्टेयर जमीन पर लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। राज्य में अगले 5 दिन बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत मिल सकती है।

# गणेश सवारी में लव जिहाद की झांकी पर फेंके पत्थर

### उज्जैन के महिदपुर में तनाव; पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा

**उज्जैन।** उज्जैन के महिदपुर में भगवान गणेश जी की सवारी निकालने के दौरान पथराव हो गया। जिसके बाद तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा।

दरअसल, सवारी में लव जिहाद की झांकी बनाई गई थी। इसे लेकर वर्ग विशेष को ऐतराज था। सवारी जब मोती मस्जिद के पास से गुजर रही थी। तभी झांकी में मौजूद लोगों पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। फिलहाल भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। बताया जा रहा है कि झांकी में मुस्लिम समाज को बदनाम करने की अफवाह के बाद समाज के लोगों ने तहसील कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान करीब मुस्लिम समाज के 200 से ज्यादा लोग उग्र हो गए।

### प्रदर्शन



चेन्नई में वामपंथी दलों के कार्यकर्ता अमेरिका द्वारा भारत पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ बढ़ोतरी के विरोध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ पोस्टर लेकर प्रदर्शन में भाग लेते हुए।

# मुंबई में अनंत चतुर्दशी से पहले ब्लास्ट की धमकी

## मुंबई पुलिस को वॉट्सएप किया, लिखा- 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में फिट किया



**मुंबई।** मुंबई पुलिस को गुरुवार देर रात वॉट्सएप पर धमकी भरा मैसेज मिला। इसमें दावा किया गया है कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ चुके हैं।

आतंकी 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं, जिससे एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है। धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने हाईअलर्ट घोषित कर दिया। क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। दरअसल, शनिवार को गणेशोत्सव का अंतिम दिन (अनंत चतुर्दशी) है। इस दौरान लाखों श्रद्धालु गणेश विसर्जन के लिए निकलेंगे। इसलिए सुरक्षा को और सख्त कर दिया गया है। पुलिस ने शहर के अहम इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है और कई जगहों पर कॉम्बिंग ऑपरेशन चल रहे हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### रेलवे स्टेशन पर बम लगाने की धमकी झूठी निकली

25 अगस्त को महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देने के आरोप में 43 साल के शख्स को गिरफ्तार किया गया था। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया था कि जांच के बाद यह धमकी झूठी निकली थी। राजकीय रेलवे पुलिस ने बताया कि आरोपी रूपेश मधुकर रणपिसे ने रविवार शाम करीब चार बजे पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर बताया कि उसने कलवा रेलवे स्टेशन पर बम रखा है।

# रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया की रिपोर्ट- भारत में बुजुर्ग बढ़े

### केरल में सबसे ज्यादा; 50 साल में बच्चों की आबादी भी 17 प्रतिशत घटी



**नई दिल्ली।** भारत की आबादी अब धीरे-धीरे उम्रदराज हो रही है। रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया की 2023 की सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम रिपोर्ट के मुताबिक देश में 0 से 14 साल के बच्चों की आबादी में लगातार गिरावट आ रही है, जबकि बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है।

साथ ही, कामकाजी उम्र (15 से 59 साल) के लोगों की हिस्सेदारी भी बढ़ी है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि देश की कुल प्रजनन दर (फर्टिलिटी रेट) 1971 में 5.2 थी, जो 2023 में घटकर 1.9 रह गई है।

0 से 14 साल के बच्चों की आबादी 1971-81 के बीच 41.2 प्रतिशत से घटकर 38.1 प्रतिशत हो गई थी। इसके बाद 1991 से 2023 के बीच यह और घटकर 24.2 प्रतिशत रह गई। यानी पिछले 50 साल में बच्चों की हिस्सेदारी में करीब 17 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### इस बढ़ोतरी का असर क्या...

**आर्थिक असर :** बच्चों की संख्या घटना मतलब भविष्य में कार्यबल छोटा होगा। आर्थिक विकास की गति धीमी होना संभव बच्चे ज्यादा तो खर्च अधिक; भविष्य में पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पर दबाव बढ़ेगा।

**सामाजिक असर :** सिंगल चाइल्ड या नो चाइल्ड परिवार बढ़ सकते हैं। बुजुर्गों को संभालने वाले कम होंगे। प्रति बच्चे पर निवेश बढ़ सकता है, यानी बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान संभव है।

### बुजुर्गों की आबादी 9.7 प्रतिशत हुई, केरल में सबसे ज्यादा

देश में बुजुर्गों की संख्या भी बढ़ रही है। 2023 में 60 साल से ऊपर की आबादी 9.7 प्रतिशत हो गई है। केरल में यह सबसे ज्यादा 15.1 प्रतिशत है। इसके बाद तमिलनाडु (14 प्रतिशत) और हिमाचल प्रदेश (13.2 प्रतिशत) का स्थान है।

उधर, देश की कुल प्रजनन दर 1971 में 5.2 थी, जो 2023 में घटकर 1.9 हो गई। वहीं, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 0-14 आयु वर्ग में लड़कों की संख्या लड़कियों से ज्यादा है, सिर्फ दिल्ली के ग्रामीण इलाकों को छोड़कर।

# बैंक ऑफ बड़ौदा से भी अनिल अंबानी फ्रॉड घोषित

## एसबीआईऔर बैंक ऑफ इंडिया के बाद तीसरी कार्रवाई; दावा- आरकॉम पर 1656 करोड़ रुपए बकाया



**मुंबई/नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी दिवालिया हो चुकी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और इसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित कर दिया है।

आरकॉम ने बताया कि उसे 2 सितंबर को बैंक का पत्र मिला है, जिसमें कंपनी और अंबानी के लोन खाते को फ्रॉड दर्ज किया गया है। बैंक ने कंपनी को 1,600 करोड़ और 862.50 करोड़ की लाइन ऑफ क्रेडिट दी थी।

आरकॉम पर 28 अगस्त तक 2462.50 करोड़ में से 1656.07 करोड़ अब भी बकाया हैं। यह खाता 5 जून 2017 से एनपीए घोषित है। बैंक का कहना है कि यह फैसला फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट पर आधारित है।

### तमिलनाडु में केमिकल फैक्ट्री से निकला जहरीला धुआं, 43 लोग अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के एक केमिकल प्लांट से जहरीला धुआं निकलने के बाद 40 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना शुक्रवार सुबह की है, जब सिपकोट औद्योगिक परिसर में एक रासायनिक निर्माण संयंत्र से जहरीला धुआं लीक होने लगा। इसके बाद आस-पास रहने वाले लोगों को आँखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई।

# देश के 47 प्रतिशत मंत्रियों पर क्रिमिनल केस

## 653 मंत्रियों में से 174 पर मर्डर-रेप जैसे गंभीर आरोप

### इनमें भाजपा के 136, कांग्रेस के 45 मिनिस्टर

**नई दिल्ली।** देशभर के 302 मंत्री (करीब 47 प्रतिशत) खुद पर आपराधिक केस होने की बात स्वीकार कर चुके हैं। इनमें 174 मंत्री ऐसे हैं, जिन पर हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। वहीं, केंद्र सरकार के 72 मंत्रियों में से 29 (40 प्रतिशत) ने आपराधिक केस होने की बात मानी है। यह जानकारी चुनाव सुधार संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की रिपोर्ट में सामने आई है। एडीआर ने 27 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के कुल 643 मंत्रियों के शपथ पत्रों (एफिडेविट) का विश्लेषण किया।

एडीआर ने यह भी कहा कि जिन शपथ पत्रों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है, वे 2020 से 2025 के बीच चुनावों के दौरान दाखिल हुए थे। इन मामलों की स्थिति बदल भी सकती है। केंद्र सरकार ने हाल ही में एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक मामलों में 30 दिन की गिरफ्तारी के बाद पद से हटाने की बात कही गई थी।





### 11 राज्यों में 60 प्रतिशत मंत्री क्रिमिनल

आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और पुडुचेरी में 60 प्रतिशत से ज्यादा मंत्री आपराधिक मामलों में आरोपी हैं। दूसरी ओर हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, नागालैंड और उत्तराखंड के किसी भी मंत्री पर कोई आपराधिक केस दर्ज नहीं है।

### 643 मंत्रियों की संपत्ति का विश्लेषण

इन 643 मंत्रियों की कुल संपत्ति 23,929 करोड़ है। औसतन हर मंत्री के पास 37.21 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 30 में से 11 विधानसभाओं में अरबपति मंत्री हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 8 अरबपति मंत्री हैं, आंध्र प्रदेश में 6 और महाराष्ट्र में 4 हैं। केंद्र सरकार में 72 मंत्रियों में से 6 मंत्री (8 प्रतिशत) अरबपति हैं।

### देश की 143 महिला सांसदों-विधायकों पर आपराधिक मामले

एडीआर ने कुछ समय पहले महिला सांसद और विधायकों को लेकर रिपोर्ट जारी की थी है। इसमें सामने आया था कि देश की कुल 512 महिला सांसदों और विधायकों में से 28 प्रतिशत यानी 143 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इनमें से 78 (15 प्रतिशत) पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर आरोप हैं। वहीं, 17 महिला नेताओं ने अपने चुनावी हलफनामों में अरबपति (100 करोड़ या उससे अधिक संपत्ति) होने का दावा किया है।

# दंतेवाड़ा-नारायणपुर बॉर्डर पर एक महिला नक्सली ढेर

### डीआरजी के जवानों ने घेरकर मारा, शव, राइफल और बीजीएल लॉन्चर बरामद

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले की सीमा पर डीआरजी के जवानों ने एनकाउंटर में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। जवानों ने मौके से शव बरामद कर लिया है।

इसके अलावा 5 से 6 नक्सलियों के मारे जाने और कुछ के घायल होने की भी खबर है। सर्च ऑपरेशन जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ अबूझमाड़ के थुलथुली इलाके के जंगलों में हुई है। एनकाउंटर के बाद जवानों ने मौके से 303 राइफल, 2 बीजीएल लॉन्चर और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया है। एनकाउंटर में ढेर महिला नक्सली की पहचान अभी नहीं हुई है।

### पूर्वी बस्तर डिवीजन इलाके में मुठभेड़

दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय के मुताबिक शुक्रवार को दंतेवाड़ा और नारायणपुर की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड टीम नक्सल ऑपरेशन पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों ने पूर्वी बस्तर डिवीजन में अबूझमाड़ के घने जंगलों में अटैक कर दिया।

जवाबी कार्रवाई में महिला नक्सली ढेर हो गई। वहीं नक्सली एनकाउंटर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने जवानों को बधाई दी।

### एडीआर रिपोर्ट

## केशव, नंदी, कपिल देव और दयाशंकर मिश्र पर 7-7 एफआईआर; 3 केंद्रीय मंत्री भी दागदार

# उत्तरप्रदेश के 53 में से 29 मंत्रियों पर क्रिमिनल केस

**लखनऊ।** देशभर के कुल 643 मंत्रियों में से 302 मंत्रियों पर गंभीर क्रिमिनल केस हैं। यह कुल मंत्रियों की संख्या का करीब 47 प्रतिशत है। इनमें यूपी सरकार के 29 और केंद्र के 3 मंत्री भी शामिल हैं। केंद्र के 72 मंत्रियों में से यूपी के कमलेश पासवान, अनुप्रिया पटेल और कीर्तिवर्धन सिंह पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

बात यूपी सरकार के मंत्रियों की करें, तो वर्तमान में कुल 53 मंत्री हैं। इनमें से 26 मंत्रियों पर गंभीर क्रिमिनल केस हैं। ये कुल मंत्रियों का 49 प्रतिशत हैं। इनके अलावा 3 मंत्रियों पर शांति भंग जैसी मामूली धाराओं में केस दर्ज हैं।



वहीं, यूपी के विधायकों की बात करें, तो 51 प्रतिशत दागी विधायक हैं। इनमें से 39 प्रतिशत विधायकों पर हत्या, अपहरण और रेप जैसे गंभीर केस दर्ज हैं। ये आंकड़ा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने नेताओं के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण कर जारी किया है।

### यूपी में 55 प्रतिशत हैं दागी मंत्री

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, यूपी के कुल दागी मंत्रियों का आंकड़ा राष्ट्रीय औसत से अधिक है। राष्ट्रीय औसत जहां 47 प्रतिशत है, वहीं यूपी में कुल 55 प्रतिशत दागी मंत्री हैं। हालांकि, 12 राज्यों आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, बिहार, कर्नाटक, ओडिशा, केरला, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, पांडिचेरी में दागी मंत्रियों की प्रतिशतता अधिक है। झारखंड में यूपी के बराबर 55 प्रतिशत प्रतिशत मंत्री क्रिमिनल पृष्ठभूमि वाले हैं।

### 252 विधायकों पर दर्ज हैं आपराधिक केस

यूपी के कुल 402 विधायकों में 252 विधायकों ने अपने हलफनामों में आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इनमें से 205 विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले हैं। इनमें हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और रेप जैसे संगीन अपराध शामिल हैं।

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 2017 के विधानसभा चुनाव में 402 विधायकों में से 143 (36 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए थे। 2022 के चुनावों में यह आंकड़ा बढ़कर 51 प्रतिशत हो गया। गंभीर आपराधिक मामलों की संख्या भी 26 प्रतिशत से बढ़कर 39 प्रतिशत हो गई। 5 विधायकों ने अपने ऊपर हत्या से जुड़े मामले, 29 ने हत्या के प्रयास और 6 ने महिलाओं पर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित किए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि एक विधायक पर रेप का मुकदमा भी दर्ज है।

# संपादकीय

## बिहार चुनाव 2025 : राजनीति में रोटी सेंकने की होड़



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की सरगर्मियां पूरे उफान पर हैं। इस बार का चुनावी अखाड़ा पहले से कहीं ज़्यादा दिलचस्प और पेचीदा है। मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, और विपक्षी खेमे से तेजस्वी यादव व राहुल गांधी जैसे चेहरे हैं। बिहार की राजनीति, जो हमेशा जातीय समीकरण और भावनात्मक मुद्दों पर घूमती रही है, इस बार भी उससे अछूती नहीं है। लेकिन इस बार केंद्र में रोटी, रोज़गार और जनता की बुनियादी ज़रूरतें हैं—यानी वही सवाल जो दशकों से अनुत्तरित हैं।

### अधूरे वादों का इतिहास

बिहार की राजनीति वादों और अधूरे सपनों का लंबा सिलसिला रही है।

- लालू प्रसाद यादव ने 'सड़क से सदन' तक आम आदमी को जोड़ने का वादा किया, लेकिन शासन जातीय राजनीति में उलझ गया।
- नीतीश कुमार ने 'सात निश्चय' योजना के ज़रिए रोजगार और शिक्षा की तस्वीर बदलने का दावा किया, लेकिन करोड़ों युवाओं को नौकरी का इंतज़ार अब भी है।
- हर चुनाव में बिजली, उद्योग और पलायन रोकने की घोषणाएँ होती रहीं, मगर हालात वही पुराने हैं।

जनता बार-बार सुनती रही, लेकिन उसके जीवन में बदलाव कागजों और भाषणों तक ही सीमित रहा।

### मोदी का विकास कार्ड और भावनात्मक अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में बार-बार विकास का बिगुल बजा रहे हैं। मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 13,480 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर जनता से वादा किया कि अब बिहार बदलेगा। बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और जल आपूर्ति जैसी योजनाओं के सहारे मोदी जनता को रोज़गार और बेहतर जीवन का भरोसा दे रहे हैं।

लेकिन केवल विकास का वादा ही नहीं—मोदी ने अपनी मां हीराबेन का जिक्र कर बिहार की माताओं-बहनों को भावनात्मक तौर पर जोड़ने की कोशिश की। यह रणनीति एक तीर से दो निशाने साधने जैसी है-विपक्ष के आरोपों का जवाब भी और जनता के दिल को छूने की कोशिश भी।

### तेजस्वी का महिला वोट बैंक दांव

उधर महागठबंधन भी पीछे नहीं है। तेजस्वी यादव ने 'माई-बहिन मान योजना' का दांव खेला है—हर महिला को 2500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा। यह सीधा हमला है महिला वोटरों पर, जिनकी हिस्सेदारी लगभग 48त्न है। तेजस्वी और राहुल गांधी की दरभंगा रैली ने माहौल गर्मा दिया, लेकिन कथित अपशब्दों ने सियासी विवाद को और भड़का दिया। एनडीए ने इसका फायदा उठाते हुए 'बिहार बंद' का ऐलान कर दिया—यानी चुनावी पिच और गरमा गई।

### जाति समीकरण और वोटों की गिनती

बिहार की राजनीति जातीय गणित के बिना अधूरी है। एनडीए और महागठबंधन दोनों ओबीसी, एससी, एसटी और ईबीसी वोट बैंक पर पूरा ध्यान लगाए हुए हैं।

- जीतन राम मांझी लड़कियों की एमए तक की पढ़ाई मुफ्त करने का ऐलान करते हैं।
- कांग्रेस आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग उठाती है।

साफ है—सत्ता की कुर्सी तक पहुंचने का रास्ता आज भी जातीय और सामाजिक समीकरण से होकर ही गुजरता है।

### जनता का असली सवाल

लेकिन असली सवाल वहीं है, जहां से बिहार की तकदीर अटकी हुई है।

- बेरोज़गारी दर राष्ट्रीय औसत से कहीं ऊपर है।
- लाखों युवा दिल्ली, पंजाब और महाराष्ट्र में दिहाड़ी के लिए पलायन करते हैं।
- बिजली और सड़क के वादे हर चुनाव में दोहराए जाते हैं, लेकिन गांव की तस्वीर अब भी अधूरी है।

एक किसान की आवाज़ सब कुछ कह देती है :
'साहब, हमें रोज़गार चाहिए, मुफ्तखोरी नहीं।'

### निष्कर्ष

**2025 का चुनाव असल में जनता की कसौटी है—**

- क्या वे 'विकास' के नारों पर भरोसा करेंगे ?
- या फिर 'नकद मदद' और 'आरक्षण' की राजनीति पर दांव लगाएंगे ?

राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी रोटियां तंदूर पर रख दी हैं। अब देखना यह है कि जनता की आग में नेताओं की रोटियां ही सिकेंगी, या इस बार जनता का पेट भी भर पाएगा।




# जीएसटी का नया दौर : कराधान व्यवस्था क्रांति की ओर

- ललित गर्ग -




भारतीय कराधान व्यवस्था में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) का आगमन एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम था। इसने अप्रत्यक्ष करों के जटिल और उलझे जाल को जहां सरल बनाने का प्रयास किया, वहीं शासन एवं प्रशासन में पसरे भ्रष्टाचार एवं अफसरशाही को भी काफी सीमा तक नियंत्रित किया। सुधार, सुविधा एवं जनता को राहत देने के लिये किये इस प्रयास के बावजूद इसमें अनेक जटिलताएं एवं भारी-भरकम कराधान जनता को बोझिल किये हुए था, इस बात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार लम्बे समय से महसूस कर रही थी, इसीलिये इसवर्ष स्वतंत्रता दिवस के लालकिले के उद्बोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी को अधिक सुगम एवं जनता के हित में करने की घोषणा की। अब सरकार ने इसे और सुसंगठित करते हुए केवल दो स्लैब्स में कराधान को समेट दिया है और कर भी काफी कम कर दिये हैं तो निश्चय ही यह उपभोक्ताओं और कारोबारियों दोनों के लिए राहतकारी है। इसमें मिडल एवं लोअर क्लास का व्यापक ध्यान रखते हुए उन्हें राहत दी गयी है, जिससे हर परिवार के पास ज्यादा खर्च करने लायक आमदनी बचेगी और लोग अन्य वस्तुओं एवं सेवाओं पर अधिक खर्च कर सकेंगे। इन बड़े एवं क्रांतिकारी सुधारों से खपत बढ़ेगी, विकास को तीव्र गति मिल सकेगी। निश्चित ही यह एक नए कराधान युग का सूत्रपात है, जिसमें कर प्रणाली अधिक पारदर्शी, सरल और उपयोगी बनने की ओर अग्रसर है। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद घोषित जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू करने करने की घोषणा की गई है। जिसमें अब 12 व 28 फीसदी के दो स्लैब को खत्म करके सिर्फ 5 व 18 फीसदी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों की कड़ी में एक नई पहल एवं आयाम है, जिससे जीएसटी को तार्किक बनाने व आम जनता को महंगाई से राहत देने का प्रयास हुआ है। वहीं दूसरी ओर विलासिता आदि वस्तुओं के लिये चालीस फीसदी का एक नया स्लैब जोड़ा गया है। विपक्ष इसे देर से उठाया गया कदम बता रहा है, तो सरकार आर्थिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम। जीएसटी के बड़े सुधार को लेकर विपक्ष और विशेषत: कांग्रेस एवं भाजपा के बीच जो आरोप-प्रत्यारोप शुरु हुआ है, वह इसलिये औचित्यहीन, अतार्किक एवं व्यर्थ है, क्योंकि जीएसटी परिषद ने लम्बी विवेचना एवं आम सहमति से यह फैसला लिया है। वहीं कुछ अर्थशास्त्री इस कदम को ट्रंप के टैरिफ वॉर के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया सुरक्षात्मक कदम मानते हैं। जिससे घरेलू खपत को बढ़ाकर निर्यात घाटे को कम किया जा सकेगा। वहीं कुछ लोग इसे नवरात्र में दिवाली से पहले सरकार का तोहफा बता रहे हैं।

अनेक कर दरों की जटिलता उपभोक्ताओं के लिए हमेशा भ्रम और बोझ का कारण रही। बार-बार की दर-संशोधन प्रक्रियाओं से व्यापार जगत में असमंजस की स्थिति बनी रहती थी। अब दो स्लैब्स की व्यवस्था से यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। उपभोक्ता को वस्तुओं और सेवाओं पर अपेक्षाकृत सरल, न्यायोचित और संतुलित कर ढांचा मिलेगा। इससे न केवल मूल्य स्थिरता आएगी, बल्कि खरीदारी और उपभोग की प्रक्रिया भी सहज होगी। इससे व्यापार एवं उद्योग भी विकास की रफ्तार पकड़ेंगे। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। डिजिटलाइजेशन, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, आधार लिंकिंग और पारदर्शी तंत्र ने व्यवस्था में विश्वास जगाया है। जीएसटी भी इसी कड़ी का एक क्रांतिकारी सुधार है जिसने 'वन नेशन, वन टैक्स' की अवधारणा को मजबूत किया।


परंतु सच्चाई यह भी है कि जीएसटी विभाग आज भी भ्रष्टाचार की जकड़न से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाया है। छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को आए दिन नोटिस, जांच और जटिल प्रक्रियाओं के जाल में उलझाया जाता है। कई बार भ्रष्ट तंत्र इन्हें भयभीत कर अनुचित लाभ उठाता है। यह स्थिति जीएसटी सुधार की भावना के विपरीत है। यदि वास्तव में कराधान को क्रांतिकारी मोड़ देना है, तो जीएसटी व्यवस्था को भी पूर्णत: भ्रष्टाचार मुक्त करना अनिवार्य होगा। यह किसी से छिपा नहीं है कि टैक्स विभाग लंबे समय तक भ्रष्टाचार का गढ़ बना रहा। जटिल कानून और अनेक कर-श्रेणियाँ इस भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती थीं। लेकिन जब कराधान पारदर्शी और सरल होगा, तो अधिकारी और कारोबारी के बीच की अनावश्यक जटिलता भी कम होगी। इससे जनता एवं छोटे व्यापारियों का विश्वास व्यवस्था पर मजबूत होगा। अब आवश्यकता है कि सरकार जीएसटी प्रणाली को तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर और अधिक पारदर्शी बनाए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल ट्रैकिंग का उपयोग कर कर चोरी रोकने के साथ-साथ अधिकारियों की मनमानी और रिश्वतखोरी पर भी अंकुश लगाया जा सकता है। करदाता के अधिकारों की रक्षा हो, ईमानदार व्यापारी को भयमुक्त वातावरण मिले और उपभोक्ता को राहत-तभी जीएसटी सचमुच क्रांति कहलाएगा। जीएसटी का नया दौर एक बड़ी राहत और परिवर्तन का संदेश लेकर आया है। अब अगला कदम यही होना चाहिए कि इसे भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त कर ईमानदार करदाताओं का विश्वास जीता जाए। तभी यह कहा जा सकेगा कि भारत ने वास्तव में 'सही अर्थों में एक राष्ट्र, एक कर और एक पारदर्शी कर व्यवस्था' की ओर निर्णायक कदम बढ़ा लिया है।

भारत की आर्थिक यात्रा में कुछ फैसले ऐसे होते हैं, जो केवल नीतिगत बदलाव नहीं, बल्कि युगांतरकारी मोड़ साबित होते हैं। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हालिया सुधार उसी दिशा में उठाया गया एक साहसिक कदम है। कराधान व्यवस्था को सरल बनाने और जनता को सीधी राहत पहुँचाने की दिशा में यह सुधार महज सरकारी निर्णय नहीं, बल्कि एक लोककल्याणकारी दृष्टि का प्रमाण है। आजादी के बाद से भारत में कर-व्यवस्था जटिलताओं, बहुस्तरीय बोझ और भ्रष्टाचार की दलदल में फंसी रही। छोटे व्यापारी हों या आम उपभोक्ता, हर कोई अप्रत्यक्ष करों की इस भूलभुलैया से परेशान था। मोदी सरकार ने जीएसटी को लागू करके पहले ही इस दिशा में बड़ा कदम उठाया था, लेकिन अब इसे और सरल बनाना तथा दो स्लैब्स तक सीमित करना एक क्रांतिकारी सुधार है। इससे न केवल उपभोक्ताओं पर बोझ घटेगा, बल्कि व्यवसाय करने की सुगमता भी बढ़ेगी। अर्थव्यवस्था का असली इंजन जनता की जेब है। जब उपभोक्ता को राहत मिलती है, उसके हाथ में थोड़े अधिक पैसे बचते हैं, तो खपत बढ़ती है। यही खपत उद्योगों को गति देती है, उत्पादन में उछाल लाती है और अंतत: रोजगार के नए अवसर पैदा करती है। जीएसटी सुधार का सबसे बड़ा असर यही होगा कि यह आर्थिक गतिविधियों को नये पंख देगा और इससे भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्थ बन सकेगा।

किसी भी लोकतांत्रिक शासन का मूल्यांकन इस बात से होता है कि वह अपने नागरिकों के हितों को किस हद तक प्राथमिकता देता है। मोदी सरकार ने जीएसटी सुधार के जरिए यह स्पष्ट किया है कि उनकी नीतियाँ महज आँकड़ों का खेल नहीं, बल्कि जनजीवन को आसान बनाने की कोशिश हैं। यह सुधार जनता को केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि मानसिक राहत भी देता है। हालाँकि सुधार के साथ चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। राज्यों को राजस्व हानि की भरपाई, छोटे कारोबारियों को नई व्यवस्था में सहज बनाना और कर-प्रशासन में पारदर्शिता बनाए रखना, ये सब गंभीर प्रश्न हैं। लेकिन यदि इन्हें दूर किया गया तो यह सुधार भारत को एक मजबूत, पारदर्शी और विकासोन्मुख अर्थव्यवस्था की ओर ले जाएगा। जीएसटी सुधार को जनता के लिए एक 'उपहार' कहना गलत नहीं होगा। यह केवल कराधान का बदलाव नहीं, बल्कि जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की पहल है। यह निर्णय बताता है कि शासन की नीतियाँ केवल सत्ता चलाने के लिए नहीं, बल्कि जनता को राहत देने और देश को विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने के लिए बनाई गई हैं। लेकिन यहां यह देखना ज्यादा जरूरी है कि इस बदलाव से वास्तव में आम उपभोक्ता को कितना फायदा होता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उद्योग कर कटौती का लाभ उपभोक्ता तक कैसे पहुंचाते हैं। साथ ही नियामक कितनी सतर्कता से अनुपालन सुनिश्चित करते हैं।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली -3642




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3641 का हल



## लॉफिंग जोंन

एक चोर अदालत में अपनी गवाही देने खुद ही खड़ा हो गया। वहाँ खड़ा होकर जब वह अनाप-शनाप बकने लगा तो न्यायाधिश ने झुँझलाकर कहा- तुमको तो ठीक से झूठ भी नहीं बोलना आता।

चोर- तो मैं क्या करूँ महोदय।

न्यायाधिश- तुम एक वकील को अप्वाइंट क्यों नहीं कर लेते। ताकि तुम आसानी से झूठ बोल सको।

□ □ □

ब्यूटी-क्लीनिक पहुँची एक महिला डॉक्टर से बोली- मेरे चेहरे को और सुंदर बनाने के लिए क्या फीस लगेगी?

डॉक्टर साहब (गंभीर होकर बोले)- पाँच हजार पाँच सौ रुपए।

निराश होकर महिला बोली- इससे सस्ता कोई उपाय नहीं है क्या? सुझाइए न!

डॉक्टर साहन ने सलाह दी- इससे सस्ता उपाय भी है...। आप बस घूँघट काढ़ना शुरू कर दीजिए।

□ □ □

प्रेमी (प्रेमिका से)- क्या तुम जानती हो, संगीत में इतनी शक्ति है कि उससे पानी भी गरम हो सकता है।

प्रेमिका- हाँ हाँ क्यों नहीं! तुम्हारा गाना सुन कर मेरा खून खौल सकता है, तो फिर पानी क्यों नहीं?

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3642



**बायें से दायें:-**

१. 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
३. 'ये प्यार यार क्या है' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ सजना बरखा बहार आई' गीत किस फिल्म का है?-३
८. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
९. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१०. अक्षय, करीना की 'तुने कहा जबसे हाँ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'रूठे सैंया हमारे सैंया' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१२. रणधीर कपूर, रेखा की फिल्म-३
१४. 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम' गीत किस फिल्म का है?-३
१६. बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
१७. 'पल्लो लटके' गीत वाली फिल्म-३
१९. दिलीपकुमार, निम्मी की 'दिल में छुपाके' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'जो भी कसमें' गीत वाली डीनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-२
२२. धर्मेन्द्र, हेमा की 'राजा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
२५. राजकुमार, प्रिया राजवंश की फिल्म-३
२७. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
२८. राहुल, दीपक, पूजा भट्ट की 'मेरे दिल का पता' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'जिंदगी आ रहा' गीत वाली की फिल्म-३
३१. विनोद, डैनी, मौसमी की 'संसार है एक नदिया' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तू मेरे सामने' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, श्रीदेवी की 'मैं तुझे कबूल' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'जीवन चलने का नाम' गीत वाली मनोज, जया की फिल्म-२
४. फिल्म 'आनंद' में आनंद की शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३.२
५. शशिकपूर, शबाना की 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली फिल्म-३
६. अमरीशपुरी पर फिल्माये 'ये दुनिया एक दुल्हन' गीत वाली फिल्म-४
७. 'मंदिर में ना मस्जिद' गीत वाली फिल्म-५
१३. धर्मेन्द्र, वहीदा, जया की 'कब माने हो दिल के दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'हम जब सिमट' गीत वाली शशि, साधना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१७. देवानंद, गीत बाली की 'ठंडी हवाएं लहरा के आएं' गीत वाली फिल्म-४
१८. नायक के रूप में अनिल कपूर की पहली फिल्म-३
१९. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
२०. मनोजकुमार, नंदा की 'काले हैं तो क्या हुआ' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली फिल्म-४
२६. सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एक हिंदी फिल्म-३
२८. सनी, तब्बू, रीमा सेन की 'जो प्यार तुमने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'खोया है तूने' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3641



## सूडोकु -3642

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3641 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 3642



**बाएँ से दाएँ**

1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होंठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**

1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

### शब्द पहेली -3641 का हल



# नोएडा के 43 गांव बाढ़ में डूबे

## यमुना खतरे के निशान से 2 मीटर ऊपर बह रही, राहत शिविरों में रह रहे लोग





**नोएडा।** यमुना का जलस्तर 207.33 मीटर के आसपास है। ये खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया। बैक फ्लो के डर से नोएडा में शाहदरा ड्रेन के बैराज को बंद किया हुआ है। ऐसे में ड्रेन का जल स्तर बढ़ गया है।

यमुना और हिंडन उफान पर होने से सेक्टर-150 सोसाइटी में पानी भर सकता है। उधर पुश्ता पर यमुना का पानी लगातार टकरा रहा है। सड़क की हालत खस्ता है। सामाजिक संगठन की ओर से लोगों को लगातार मदद की जा रही है। सेक्टर-150 के पास रेस्क्यू चलाया जा रहा रहा है।

प्राधिकरण ने सेक्टर-135 और 150 के आसपास बख्तावरपुर, छपरौली, कोंडली, नंगली वाजिदपुर, नंगला नगली, झट्टा गांव के बारातघर में राहत शिविर बनाए हैं। पुश्ते के लेवल तक पानी आ चुका है। यदि इसी तरह जलस्तर बढ़ा तो जल्द ही पानी पुश्ते को लांघकर सेक्टरों में घुसने लगेगा। दूसरी ओर, जेवर, रबूपुरा और दनकौर के गांवों में भी बाढ़ का खतरा बढ़ता जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अब तक तहसील सदर के 12, दादरी के 6 और जेवर क्षेत्र के 25 ग्राम प्रभावित हुए हैं। लगभग 3800 की जनसंख्या प्रभावित है, जिनमें से 2637 लोग विभिन्न बाढ़ राहत शिविरों में ठहराए गए हैं। यहां सामुदायिक रसोई के माध्यम से तीनों समय भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है।

### ड्रेन में पानी का लेवल हुआ स्थिर

यमुना का जलस्तर और बढ़ने से सीमावर्ती सेक्टरों के लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। इसकी वजह सिंचाई नाला है। यह नाला नोएडा के पास दिल्ली से आकर सेक्टर-11, 22, 39, 50 होकर सेक्टर-168 और यमुना में जाकर गिरता है।

सेक्टर-150 के मोम नाथल गांव के पास हिंडन और यमुना मिल रही हैं। यमुना का जलस्तर पहले से अधिक है। हिंडन भी उफान पर है। इससे इन सेक्टरों में पानी बैक फ्लो होने की समस्या बढ़ गई है।

### अगले 72 घंटों में तेज बारिश का अलर्ट

सेक्टर-168 पर बने रेगुलेटर के तीनों पैनल (गेट) बंद हैं। नोएडा का सीवर एसटीपी के जरिए इसी नाले और बरसाती नालियों का पानी भी इसी नाले से यमुना तक जाता है।

पैनल बंद होने से पानी अब स्थिर हो गया है। वहीं, अगले 72 घंटों में तेज बारिश का अलर्ट है। अगर मूसलाधार बारिश हुई तो नाले के ओवर फ्लो होने से सेक्टरों में जलभराव होने की आशंका है।

### नियंत्रण कक्ष सक्रिय, एनडीआरएफ भी तैनात

बाढ़ नियंत्रण कक्ष (दूरभाष नंबर- 0120-2978231/ 2978232/ 2978233) 24 घंटे संचालित किया जा रहा। इसमें तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जा रही। वहीं, राहत एवं बचाव के लिए एनडीआरएफ की दो टीम जिसमें एक टीम तहसील जेवर महमूदपुर, एक टीम तहसील सदर सेक्टर-150, पीएसओ 44 बटालियन की एक टीम सदर थाना दनकौर मुरशदपुर तथा अग्निशमन विभाग की टीम सदर तहसील के सेक्टर-151 में तैनात है। एनडीआरएफ की दो टीम सहायता कर रही है।

# नोएडा में निवेश के नाम पर 85 लाख ठगे

**चार गुना मुनाफे का दिया झांसा, ऐप पर दिखे 5.5 करोड़, निकालने चले तो कर दिया ग्रुप से बाहर**

**नोएडा।** साइबर ठगों ने सेक्टर 52 में रहने वाले कोस्ट गार्ड के अधिकारी कल्पित दीक्षित से 85 लाख रुपए ठग लिए।

पीड़ित यूट्यूब पर एक वीडियो देखकर ठगों के संपर्क में आए। ठगों ने तीन से चार गुना मुनाफा होने का झांसा देकर रकम ट्रांसफर कराई। एप पर मुनाफा समेत दिख रहे 5.5 करोड़ रुपए निकालने में असफल होने पर पीड़ित को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

कल्पित दीक्षित शेयर बाजार में भी रुचि रखते हैं। 29 जून को यूट्यूब पर शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का एक वीडियो देखा था। इसके माध्यम से ठगों ने कल्पित से संपर्क किया।

उनको आईआईएफएल कैपिटल मैनेजमेंट नाम को दो वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ दिया। शुरुआत में कुछ डीमैट स्टाक और इंस्टीट्यूशनल स्टाफ सुझाकर एप पर पंजीकरण कराया। छोटे-छोटे निवेश कराकर मुनाफा दिला कर विश्वास जीता। कल्पित ने ठगों के झांसे में आ और उन पर विश्वास कर 26 अगस्त तक कई बार में 85 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।

### दो महीने में 5.5 करोड़ पोर्टफोलियो

उन्होंने देखा कि दो माह से कम समय में निवेश करने पर एप पर 5.5 करोड़ का पोर्टफोलियो दिखा रहा है। उन्होंने इसमें से एक करोड़ की रकम निकालनी चाही, लेकिन ठगों ने पूरी रकम निकालने के लिए बोला। उन्होंने पूरी रकम निकालने के आवेदन किया तो ठगों ने 15 प्रतिशत कर के रूप में 70 लाख रुपए से ज्यादा जमा कराने को बोला। उन्होंने रकम देने से मना किया तो ठगों ने संपर्क तोड़ लिया।

### साइबर सेल में की शिकायत

इससे पीड़ित को समझने में देर नहीं लगी कि वह नामी कंपनी के बजाय ठगों के चंगुल में फंस गए हैं। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की। एडीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

ठगों की तलाश में टीम लगी है। ठगी की रकम में संलिप्त बैंक खातों की जानकारी की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में बारिश से सड़कें बनी तालाब



**ग्रैंड वेनिस मॉल और रेडिसन ब्लू होटल के बाहर पानी भरा, लोगों की बढ़ी परेशानी**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में लगातार हुई बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। ग्रैंड वेनिस मॉल के मुख्य द्वार के बाहर इतना पानी भर गया कि वाहन निकालना मुश्किल हो गया। जल भराव की स्थिति ऐसी थी कि मॉल के बाहर तालाब जैसा दृश्य बन गया। छोटे बच्चे जमा हुए पानी में नहाते और तैरते हुए देखे गए। इसी तरह की स्थिति रेडिसन ब्लू होटल के बाहर भी देखी गई, जहां भारी जल जमाव हुआ। यह स्थिति ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बरसात की तैयारियों और ड्रेनेज सिस्टम की कमजोरी को उजागर करती है। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण मामूली बारिश में भी पानी जमा हो जाता है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रेटर नोएडा के साइट 4 में यह जल जमाव हुआ है। यहां पर कई गाड़ियों के शोरूम भी है। इसके अलावा व्यापारियों की कई दुकानें भी हैं, जल भराव होने की वजह से व्यापार पूरी तरह से ठप हो रहा है।

# नोएडा रिलीफ कैंप में 3 हजार लोग बाढ़ प्रभावित

**सात दिन से यहीं है, फार्म हाउस वालों ने भगा दिया**



**नोएडा।** पुश्ता के पार यमुना के पास फार्म हाउस में काम करते है। दो सितंबर को पानी आया और सब बह गया। हम पांच परिवार किसी तरह रिलीफ कैंप पहुंचे। यहां खना पीना मिल रहा है। रह भी रहे है बाढ़ का पानी उतर जाएगा तब वापस जाएंगे।

तीन-तीन फीट पानी से होकर बाहर आए। फार्म हाउस वालों ने मदद नहीं की। ये कहना है रोहित का। इन जैसे करीब 3 हजार से ज्यादा लोग इन दिनों नोएडा , ग्रेटर नोएडा में बने रिलीफ कैंप जीवन बसर कर रहे है।

### तीन टाइम मिल रहा भोजन

इन रिलीफ कैंप में 3 हजार से ज्यादा लोगों को भोजन की व्यवस्था की जा रही है। तहसीलदार प्रतीत सिंह ने बताया कि सुबह नाश्ते के बाद इन सभी के लिए दोपहर और फिर रात का भोजन बनता है। प्रयास रहता है यहां के अलावा जो लोग बाहर झुग्गी लगा के रह रहे है उनको भी भोजन पहुंचाया जाए। हालांकि जब नजर सेक्टर-135 पुश्ते पर गई तो वहां सामाजिक संगठनों की ओर से भी सामुदायिक किचन के प्रबंध किए गए है। लोगों को आश्रय बनाकर दिए गए। जिनमें हजारों की संख्या में लोग रहे है।

### 16 किमी में मिले 20 स्थानों पर बट रहा भोजन

पुश्ते पर 16 किमी के एरिया मं करीब 20 ऐसे स्थान मिले जहां या तो सामाजिक संगठन की ओर से लोगों को लाइन में लगवाकर भोजन करवाया जा रहा है। या फिर भोजन बनाया जा रहा है। नगली वाजिदपुर गांव में एक व्यक्ति ने बताया कि रोजाना करीब 500 लोगों का खाना बन रहा है। गांव और अन्य लोग भी राशन में मदद कर रहे है। जल्द ही पानी उतर जाए तो बेहतर होगा।

### मोबाइल टॉयलेट और पानी के टैंकर

रिलीफ कैंप में तीन से चार पानी के टैंकर रोजाना आ रहे है इसके अलावा मोबाइल टॉयलेट भी यहां है। हालांकि अब भी सेक्टर-94 से लेकर सेक्टर-126 तक पुश्तें पर बनी झुग्गी वासियों के लिए मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था नहीं है। पानी के लिए दो टैंकर सड़क पर चल रहे है आवश्यकता होने पर ड्रम में पानी भरा जा रहा है।

### आठ रिलीफ कैंप में 3 हजार लोग

यमुना के डूब क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात होने पर फार्म हाउस से विस्थापित लोगों के लिए नोएडा प्राधिकरण ने आठ स्थानों पर राहत शिविर बनवाए हैं।

इनमें खानपान की व्यवस्था भी की जा रही। ये रिलीफ कैंप सेक्टर-135 और 150 के आसपास बख्तावरपुर, छपरोली, कोंडली, नंगली वाजिदपुर, नंगला नगली, झट्टा गांव के बारात घर में राहत शिविर बनवाए हैं। पुश्तें के किनारे एक अस्थाई टेंट भी बनाए गए है। जिसमें पशुओं को रखा गया है। इस पशुशाला में करीब 800 से ज्यादा गाय है।

# यूरोप के देशों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

## युवाओं से लाखों रुपए हड़पे, नोएडा वर्ल्ड ट्रेड टॉवर में खोला था ऑफिस; अब फरार

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-16 स्थित वर्ल्ड ट्रेड टावर में जालसाजों द्वारा युवाओं को यूरोप में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। कंपनी ने यहां अस्थायी कार्यालय खोलकर बेरोजगारों को फंसाया और ठगी के बाद ऑफिस बंद कर फरार हो गई। पीड़ित की शिकायत पर फेज-वन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली के त्रिलोकपुरी निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह वाहन चालक का काम करते हैं और विदेश में काम करने की इच्छा रखते हैं। अगस्त 2024 में एक विज्ञापन के जरिए उनकी पहचान नोएडा स्थित एशियन माइग्रेशन कंसल्टिंग सर्विस कंपनी से हुई। आठ अगस्त को वह कंपनी के ऑफिस पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात निदेशक रोहित हांडा और हिमांशु हांडा से हुई। वहां मौजूद कर्मचारी सोनाली जैन और प्रेरणा ने उन्हें यूरोपीय देश लिथुआनिया में चालक की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया।

### पहले लिए 50 हजार, फिर और रकम वसूली

मुकेश के अनुसार, शुरुआत में उनसे 50 हजार रुपए नकद लिए गए और बदले में एक समझौता पत्र दिया गया। लेकिन वादा की गई नौकरी नहीं मिली। दिसंबर 2024 में दोबारा संपर्क करने पर कंपनी के लोगों ने कहा कि अब लिथुआनिया की जगह चेक रिपब्लिक में नौकरी दिलाई जाएगी। इसके लिए 24 फरवरी 2025 को उन्हें चेक रिपब्लिक का वर्क परमिट भी दिया गया। इसके बदले आरोपियों ने एक लाख 50 हजार रुपये और वसूल लिए। इस तरह कुल दो लाख 10 हजार रुपए लिए गए, लेकिन नौकरी नहीं मिली।

### कार्यालय बंद कर फरार हुए आरोपी

नौकरी की प्रक्रिया आगे न बढ़ने पर मुकेश कुमार दोबारा ऑफिस पहुंचे तो वहां ताला लटका मिला। बाहर खड़े राजेश कुमार, केशव कुमार और रुस्तम अली नाम के युवक मिले, जिन्होंने बताया कि उनके साथ भी इसी तरह ठगी हुई है। सभी ने आरोप लगाया कि कंपनी के कर्मचारी ऑफिस बंद कर फरार हो चुके हैं।

पीड़ितों का कहना है कि जालसाजों ने भरोसा दिलाने के लिए वर्क परमिट और दस्तावेज भी दिए। इन्हें देखकर उन्हें यकीन हो गया कि नौकरी पक्की है। इसी बहाने उनसे लाखों रुपए ऐंठे गए। लेकिन जैसे ही युवाओं ने नौकरी और वीजा प्रक्रिया की डिटेल मांगी, कंपनी के कर्मचारी गायब हो गए।

### पुलिस जांच में जुटी

फेज-वन थाना पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि कई अन्य युवाओं से भी कंपनी ने ठगी की है।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किस नेटवर्क के जरिए युवाओं को विदेश भेजने का झांसा दे रहे थे और पैसे वसूल रहे थे।

# साइबर फ्रॉड गैंग का सरगना गिरफ्तार

**चीनी और नेपाली नागरिकों के साथ मिलकर करता था ठगी, 50 हजार का था इनाम**


**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की बिसरख पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश इमरान उर्फ तोला को गिरफ्तार कर लिया है। इमरान खुर्जा नगर, बुलंदशहर का रहने वाला है।

आरोपी और उसके साथी भारत में बिना वीजा के घुसकर फर्जी आईडी पर सिम कार्ड हासिल करते थे। ये सिम कार्ड जियो, बीएसएनएल, एयरटेल और वीआई जैसी कंपनियों के होते थे। इन सिम पर आने वाले एसएमएस और ओटीपी को चीनी ऐप फिजीऐप के जरिए कंबोडिया में बैठे चीनी नागरिकों को भेजते थे।

चीनी नागरिक भारत की प्रसिद्ध कंपनियों का डेटा हैक कर यहां के लोगों से ठगी करते थे। गैंग भारतीयों को कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी का झांसा देकर विदेश ले जाती थी। वहां पहुंचने के बाद उनसे ठगी करवाई जाती थी। मना करने पर विदेशी पुलिस से गिरफ्तार करवा देते थे।

इस मामले में थाना बिसरख में धोखाधड़ी, जालसाजी और मानव तस्करी समेत कई धाराओं में केस दर्ज है। पुलिस पहले ही एक चीनी नागरिक एसयू योमिंग, एक नेपाली नागरिक अनिल थापा मगर और एक भारतीय नागरिक विनोद उर्फ अगस्त्य भाटी को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन इमरान लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश भी कर रही थी। सेंट्रल नोएडा की एडिशनल डीसीपी स्वया गोयल के अनुसार, बिसरख पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से इमरान को चार मूर्ति की तरफ जाने वाली सर्विस लेन से पकड़ा है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## बाढ़ पीड़ितों को मिली राहत



**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्धनगर में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा ने विशेष वितरण अभियान चलाया। क्लब ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों को खाद्य सामग्री, दवाइयां और महिलाओं के लिए सैनेटरी पैड वितरित किए। बाढ़ के कारण हजारों लोग बेघर हुए हैं। जिला प्रशासन ने इन लोगों को सेक्टर 150, 135, 159 और अन्य सुरक्षित स्थानों पर बने राहत शिविरों में ठहराया है। रोटरी क्लब की यह पहल विस्थापित परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए की गई। राहत वितरण में क्लब के डॉ. कमल त्यागी, मुकुल गोयल, कपिल गर्ग, उदित गोयल और चेतन शर्मा शामिल रहे। जिला प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार ज्योत्सना, मनोज बाबू, जितेंद्र कुमार और सुनील कुमार ने भी सहयोग किया। क्लब सदस्य मुकुल गोयल ने कहा कि वे बाढ़ पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाना चाहते हैं।

## कार चालक से अभद्रता में कांस्टेबल निलंबित

**ग्रेटर नोएडा।** एलजी गोल चक्कर के पास पुलिस कांस्टेबल द्वारा चालक से अभद्रता का वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि पुलिस कांस्टेबल कार में सवार चालक से अभद्रता कर रहा है। आरोप है कि कांस्टेबल ने राह चलते लोगों के साथ अभद्रता कर उन्हें गोली मारने की धमकी दी। सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की ओर से आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। डीसीपी मुख्यालय डॉ प्रवीन रंजन का कहना है कि जांच में पता चला है कि कांस्टेबल वर्तमान में सूरजपुर स्थित पुलिस लाइन में तैनात है।

# महिला को ब्लैकमेल करने वाला दूधिया अरेस्ट

## बच्चे पर चाकू रखकर मां का अश्लील वीडियो बनाया, वायरल करने की दी धमकी



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में 6 साल के बच्चे की गर्दन पर चाकू रखकर दूधवाले ने एक महिला का अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वह महिला को ब्लैकमेल करने लगा।

शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी गौरव को गिरफ्तार किया है। वह गुलिस्तानपुर का रहने वाला है।

महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति बाहर रहते हैं। वह अपने बच्चों के साथ अकेली रहती है। आरोपी गौरव रोजाना उनके घर दूध देने आता था। एक दिन वह महिला के घर में घुस गया। उसने सो रहे 6 साल के बच्चे की गर्दन पर चाकू रखकर अश्लील वीडियो बना लिया।

आरोपी इस वीडियो के जरिए महिला को लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। वह महिला के साथ गलत हरकतें भी करता था। जब महिला ने विरोध किया तो उसने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। साथ ही महिला के पति को वीडियो भेजने की भी धमकी देता था।

पीड़िता ने सुरजपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा में खुले नाले में गिरा बच्चा

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-150 की एटीएस प्रेस्टीज सोसाइटी में एक बच्चा नाले में गिर गया। गिरते हुए उसे स्थानीय लोगों ने देख लिया। इस बीच एक व्यक्ति नाले में उतर गया और बच्चे को बचा लिया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये घटना शुक्रवार दोपहर की है। राहगीरों ने बताया कि अचानक खेलते समय बच्चा नाले में गिर गया। लोग शोर मचाने लगे। तभी पास में खड़े एक व्यक्ति नाले में उतरे और रस्सी व सीढ़ियों की मदद से रस्सी को ऊपर खीचा। जिसके बाद बच्चे को बाहर निकाला गया। बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ्य है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार प्राधिकरण से शिकायत कर चुके है नाले को कवर करवा दिया जाए। लेकिन अब तक नहीं सुनी गई। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में हड़कंप मचा। स्थानीय लोगों का कहना है पहले भी यहां हादसे हादसे चुके है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

## नोएडा में छात्रों ने टीचर डे पर डांस किया

**नोएडा।** नोएडा के ब्लू डायमंड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्रों ने शिक्षकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए लघु भूमिका-नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अध्यक्ष अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में रहे। उपाध्यक्ष अनीता नागर विशिष्ट अतिथि रहीं। गुरुवार को कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। जिसके बाद छात्रों ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। शिक्षकों के योगदान पर लघु भूमिका-नाटक प्रस्तुत किए। ग्यारहवीं कक्षा की दिव्या ने भाषण दिया। इसके अलावा अन्य छात्रों ने नृत्य, गीत, कविता पाठ और शिक्षकों को समर्पित एक देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुति सहित एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अध्यक्ष और निदेशक ने छात्रों को संबोधित किया। उन्हें प्रेरक शब्दों से सितारों को लक्ष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य के संबोधन के बाद हुआ।

## जनपद में 13 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ व जिला न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर मलखान सिंह के निर्देशों के क्रम में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि 13/09/2025 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामले, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबंधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हों, वे मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जाएंगे।

## फ्रॉड में बुजुर्ग के खाते से गए एक लाख वापस

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में एक बुजुर्ग के साथ हुए साइबर फ्रॉड में बिसरख पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक लाख रुपए वापस कराए हैं। राजेंद्र प्रसाद गुप्ता की पत्नी ने ई-कार्ड से सामान मंगाया था। सामान न मिलने पर उन्होंने गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च किया। फोन करने पर फ्रॉडस्टर ने उनसे डिटेल मांगी और खाते से एक लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। बिसरख थाना पुलिस को एनसीआरबी पोर्टल पर शिकायत मिलते ही टीम ने कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने फ्रॉडस्टर का खाता फ्रीज कर पूरी रकम पीड़ित के खाते में वापस करा दी। राजेंद्र कुमार गुप्ता ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि उम्मीद नहीं थी कि पैसे वापस मिल पाएंगे। नोएडा पुलिस की त्वरित कार्रवाई से यह संभव हो पाया। उन्होंने पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर का आभार जताया।

## सास ने दामाद पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने अपने फौजी दामाद पर रेप का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि उनके पति का देहांत 2013 में हुआ था। उन्होंने 2018 में अपनी इकलौती बेटी की शादी खुर्जा के एक आर्मी जवान से की थी। शादी के लिए उन्होंने अपनी जमीन बेचकर 25 लाख रुपए खर्च किए थे। महिला के अनुसार, 2019 में वह अपने दामाद के साथ कार से दिल्ली जा रही थीं। रास्ते में एक होटल में खाने के लिए रुके। आरोप है कि दामाद ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इससे महिला बेहोश हो गईं। आरोपी दामाद ने बेहोशी की हालत में होटल के कमरे में ले जाकर रेप किया। साथ ही अश्लील वीडियो भी बना ली। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार रेप किया। कोतवाली प्रभारी सुजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि महिला की बेटी और दामाद के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा है।

## जुनैदपुर के 10 ग्रामीणों ने रक्तदान किया

ग्रेटर नोएडा। जिम्स में शिक्षक दिवस पर शुक्रवार को जुनैदपुर में रक्तदान शिविर लगा। निदेशक डॉ. ब्रिगेडियर राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अस्पताल ने ग्रेटर नोएडा के गांव को गोद लिया। उसकी स्वास्थ्य की सभी समस्याओं के समाधान का जिम्मा अस्पताल का रहेगा। मुख्यातिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रांत के शारीरिक प्रमुख धर्मेंद्र धवल ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण व सेवा कार्यों में उनकी भूमिका देने के लिए रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। एनएमओ दिल्ली प्रांत अध्यक्ष व एम्स के कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय राय, यूपी पश्चिम महासचिव डॉ. विनोद, मेरठ प्रांत के उपाध्यक्ष डॉ. निधीश, सचिव डॉ. विनय ने भी अपने विचार रखे।डॉ. कुलदीप, डॉ. अक्षय, डॉ. भुवन, डॉ. ब्रजेंद्र, डॉ. अजय के साथ पीजी रेजिडेंट डॉक्टर व एमबीबीएस छात्रों ने रक्तदान किया। जुनैदपुर से लगभग 10 ग्रामीणों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

## शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**नोएडा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सेक्टर- 46 स्थित ब्रह्माकुमारीज केंद्र की ओर विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों में शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसी कम्र में सेक्टर- 55 स्थित एसडी बाल विद्या मंदिर, भवानी शंकर कॉलेज, नवजीवन स्कूल में विशेष कार्यक्रम हुए। ब्रह्माकुमारी केंद्र की प्रभारी वरिष्ठ बीके कीर्ति ने कहा, शिक्षक केवल ज्ञान का प्रसार करने वाले ही नहीं, अपितु एक आदर्श और सशक्त समाज के निर्माण के सूत्रधार हैं। आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में यह और भी आवश्यक हो गया है कि शिक्षा केवल अंकों की दौड़ न होकर, मूल्यों के संचार का माध्यम बने। शिक्षा का उद्देश्य केवल बुद्धि-विकास नहीं, बल्कि आत्म-विकास और चरित्र-निर्माण भी होना चाहिए।कार्यक्रमों के दौरान शिक्षकों को पुष्प व सम्मान पत्र देकर उनके योगदान की सराहना की गई।

## शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर बैठक

**ग्रेटर नोएडा।** शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के तिलपता स्थित कार्यालय पर जिला संयोजक, सह संयोजक, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल संयोजक के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा व संचालन जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज धर्मेंद्र कोरी ने किया। इस दौरान आगामी चुनाव की विस्तृत रणनीति बनाई गई। हर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की योजना पर चर्चा हुई। अभिषेक शर्मा ने कहा कि आने वाले चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाई जाएगी। इसके लिए संगठन को मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर दीपक भारद्वाज, राहुल पंडित, इंद्र नागर, रवि जिंदल, कर्मवीर आर्य, चंद्रमणि भारद्वाज, अर्पित तिवारी, राजीव सिंघल, सुनील ठाकुर, गजेंद्र वाल्मीकि, संजय भाटी, विशाल कुमार आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साइबर ठगों का गिरोह पकड़ा, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर करते थे लाखों की ठगी

**पीलीभीत।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से साढ़े तीन लाख रुपये नकद, नौ मोबाइल फोन, दो चेकबुक और दस फर्जी आधार कार्ड बरामद किए हैं। यह गिरोह अपने शिकार को फोन और वीडियो कॉल कर खुद को सीबीआई, सुप्रीम कोर्ट या साइबर क्राइम अधिकारी बताता था और डिजिटल अरेस्ट के नाम पर धमकाकर लाखों रुपये की ठगी करता था। इस गिरोह का भंडाफोड़ उस समय हुआ जब 21 दिसंबर 2024 को पीलीभीत निवासी जगमोहन सैनी ने साइबर क्राइम थाना में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने उन्हें फोन पर धमकाकर डिजिटल अरेस्ट में रखा और नौ अगस्त से 22 अगस्त 2024 के बीच उनसे 57.89 लाख रुपये की ठगी कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी पीलीभीत ने साइबर थाना, एसओजी और साइबर सेल की संयुक्त तीन टीमों का गठन किया। इन टीमों ने पांच सितंबर 2025 को पूरनपुर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनीष कुमार निवासी सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा, विकास वर्मा निवासी तिमारपुर, नई दिल्ली, राजेंद्र शर्मा उर्फ राजन निवासी नोएडा एक्सटेंशन, संजय बोबी देशवाल निवासी नोएडा और प्रशांत



चौहान निवासी फर्रुखाबाद, हाल निवासी द्वारका दिल्ली के रूप में हुई है। इन आरोपियों के पास से नकदी, मोबाइल, चेकबुक और आधार कार्ड बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह संगठित तरीके से काम करता था। ये लोग गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों से बैंक पासबुक, एटीएम और चेकबुक लेकर उन्हें तीन से चार प्रतिशत कमीशन देते थे। उन्हीं खातों में ठगी से हासिल धनराशि ट्रांसफर की जाती थी और बाद में नकदी निकाली जाती थी।

गिरोह असली आधार और पैन कार्ड से फर्जी फर्म बनाकर बैंक खातों का इस्तेमाल करता और नए मोबाइल नंबर जारी करवाता था। ठगी से जुटाए गए पैसे मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों कंबोडिया और लाओस में बैठे सरगना तक पहुंचाए जाते थे। यह गिरोह पीड़ितों को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर फंसाता था। वीडियो कॉल या फोन पर वे खुद को अधिकारी बताते, फर्जी दस्तावेज दिखाते और कहते कि पीड़ित मनी लॉन्ड्रिंग जैसे अपराध में फंस गया है। उसे घर से बाहर न निकलने की धमकी दी जाती थी और विश्वास दिलाया जाता था कि वह अब पुलिस कस्टडी में है। इस डर के माहौल में उनसे बैंक खाते से पैसे ट्रांसफर करवाए जाते या कैश जमा कराया जाता था। ठग गिरोह फिशिंग, फर्जी यूपीआई कोड, लोन ऐप फ्रॉड और मालवेयर अटैक जैसे हथकंडे भी अपनाता था। पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि इससे साइबर ठगों के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ कर उनके अन्य साथियों और विदेशों में बैठे सरगना तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। वहीं, पुलिस ने जनता से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति यदि खुद को अधिकारी बताकर वीडियो कॉल या फोन पर धमकाए तो उसके बहकावे में न आएं और तुरंत इसकी सूचना साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी थाने में दें।

# विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने रखेड़ा व अमरिया क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री

**पीलीभीत।** विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगातार राहत कार्य जारी हैं। बरखेड़ा विधानसभा के कंजा हरैया क्षेत्र की शांतिनगर कॉलोनी और कलकत्ता कॉलोनी में लगभग 50 परिवारों को राहत सामग्री किट वितरित की गई। इसी क्रम में गजरौला सहराई और बहुलियाई गौटिया के करीब 300 लोगों को भी राहत सामग्री किट पहुंचाई गई।
इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंडल अध्यक्ष महेश लोधी, मानसिंह, मंडल उपाध्यक्ष जीवन हलधर, ग्राम प्रधान, हरेंद्र कुमार, नंदलाल लोधी, हरिराम सोनकर, ओमप्रकाश मौर्य, मिथुन कश्यप, गजरौला मंडल अध्यक्ष कपिल सिंह,



अजय गुप्ता, विचित्र सिंह, नेमचंद वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड अमरिया की ग्राम पंचायत जोशी कॉलोनी और न्यूरिया कॉलोनी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सौजन्य से 600 राहत सामग्री किट बाढ़ पीड़ित परिवारों को वितरित की गईं। वहीं ग्राम पंचायत भरतपुर में भी 120 परिवारों को राहत सामग्री दी गई।राहत वितरण कार्यक्रम के दौरान एसडीएम मयंक गुप्ता, कानूनगो, लेखपाल, स्वयंसेवक रामसिंह, ग्राम प्रधान समीर चंद, पूर्व प्रधान कत्ती, जगबंधु, ज्ञानी वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राजपूत, बबलू मंडल, गुरूपाल सिंह भुल्लर, चंद्रपाल दिवाकर, सचिन वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज लगातार बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद में जुटे हैं। वे स्वयं राहत वितरण स्थलों पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों का हालचाल ले रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी जरूरतमंद को मदद से वंचित न रखा जाए और जल्द से जल्द पीड़ितों को सामान्य जीवन पटरी पर लौटने के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए।उनके इस सक्रिय योगदान की स्थानीय लोगों में सराहना की जा रही है।

## आईजीआरएस शिकायत के निस्तारण में ललितपुर पुलिस को प्रदेश में 13 वां, कानपुर जोन में मिला पहला स्थान



**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में ऑनलाइन शिकायत पोर्टल, समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली से प्राप्त शिकायतों को उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के परिणाम में जनपद ललितपुर पुलिस को माह अगस्त-2025 की रैंकिंग में प्रदेश में 13 वां स्थान व कानपुर जोन, कानपुर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसके साथ-साथ ऑनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन में मा0 मुख्यमंत्री पोर्टल, जनसुनवाई, समाधान दिवस आदि पर प्राप्त शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया गया। जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में थानों की रैंकिंग में जनपद के 09 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस परिणाम के लिए पुलिस अधीक्षक, जनपद ललितपुर ने [illegible] से जुड़े सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को पूरी लगन, मेहनत व समर्पण से कार्य करने हेतु भूरि-भूरि प्रशंसा की है तथा पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा निकट भविष्य में इसी प्रकार पूरी लगन व मेहनत से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया ।

# विकसित भारत-विकसित पीलीभीत की ओर बढ़ते कदम

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत एंव प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उ0प्र0 के संकल्प के क्रम में विकसित पीलीभीत विकास की ओर लगातार अग्रसर है। इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार गत 4 सितम्बर को मुम्बई में हिन्दुजा ग्रुप के चेयरमैन एवं देश के प्रसिद्ध उधोगपति अशोक पी0 हिन्दुजा से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेट की ओर पीलीभीत में उधोग स्थापित करने हेतु निवेश का आमंत्रण दिया। अशोक पी0 ने राज्यमंत्री गंगवार का आमंत्रण स्वीकार करते हुए इसी माह अपनी टीम को सर्वे एवं उधोग की स्थापना हेतु औधोगिक क्षेत्र भरापचपेड़ा में भेजने का आश्वासन दिया है। जनपद के विकास के लिए उत्तरोत्तर प्रयास में



जुटे राज्यमंत्री गंगवार लगातार बड़े निवेशको से सम्पर्क कर भारी उधोगो की स्थापना के लिए प्रयत्नशील है ताकि जनपद का विकास तेज गति से हो सके और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार किये जाने की दिशा में ठोस विकास कार्य हो सके। मालूम रहे कि राज्यमंत्री गंगवार के अथक प्रयासो के फलस्वरूप ही औधोगिक क्षेत्र भरापचपेड़ा में ऐशिया का सबसे बड़ा खमीर प्लांट (ईस्ट) का निर्माण कार्य अन्तिम चरणों में हैं।

## पेट्रोल पंप पर 2 लड़कियों में चले लात-घूंसे

**गोरखपुर।** यूपी में एक नवंबर से सरकार ने नो हेलमेट-नो पेट्रोल मुहिम शुरू की है। यानी बिना हेलमेट अब पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलेगा। लेकिन गोरखपुर में शुक्रवार को इसी बात पर मारपीट हो गई। सेल्स गर्ल ने पेट्रोल देने से मना किया तो युवती भिड़ गई। फिर दोनों में जमकर मारपीट हुई। दोनों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। मारपीट का VIDEO सामने आया है। पूरा मामला रामगढ़ताल क्षेत्र के आजाद चौक का है। पेट्रोल पंप पर काम करने वाली भरवलिया की नीशू राजभर की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ ने बताया- सीसीटीवी की मदद से मारपीट करने वाली लड़की की तलाश की जा रही है।

# ईद मिलाद-उन-नबी पर जुलूस-ए-मोहम्मदी में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

**पीलीभीत।** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व जिलेभर में परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बृहस्पतिवार रात से ही हशमत नगर में रौनक का माहौल बना रहा। यहां से देर रात 11:30 बजे आस्ताने-हशमतिया के सज्जादानशीन मौलाना जरताब रजा खां की रहनुमाई में जुलूस-ए-मोहम्मदी रवाना हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस बेलो वाला चौराहा, कमल्ले चौराहा, जुगनू की पाकड़, छोटी मार्केट, शाहजी मियां मजार, चौक बाजार, सुनहरी मस्जिद चौराहा, फीलखाना, पंजाबियान, जाटो वाला चौराहा और कोतवाली रोड होते हुए जामा मस्जिद मार्ग से वापस हशमत



नगर पहुंचा। पूरे मार्ग पर 'सरकार की आमद मरहबा' और 'या रसूल या रसूल' के नारों से वातावरण गूंज उठा। जगह-जगह अकीदतमंदों ने फूलों की वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। बिजली की झालरों और रंग-बिरंगी सजावट से शहर की गलियां जगमगा उठीं।
इस अवसर पर अकीदतमंदों ने घरों में चरागा कर फातहा दिलाई और बारहवीं शरीफ की परंपरा निभाई। शुक्रवार को न्यूरिया, पूरनपुर और बीसलपुर समेत जिले के विभिन्न कस्बों में भी ईद मिलाद-उन-नबी पर जुलूस निकाले गए। सड़कों और घरों पर रोशनी व सजावट ने त्योहार की रौनक को और बढ़ा दिया।
जुलूस के दौरान तकरीरें की गईं और लोगों ने पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षाओं को याद किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क रहा।
शहर में 13 स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई थी। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी समेत कई पुलिस अधिकारी व थाना प्रभारी मौके पर मौजूद रहे। सकुशल जुलूस संपन्न होने के बाद प्रशासन और पुलिस ने राहत की सांस ली।

# पैगम्बर मोहम्मद साहब की विलादत का जमकर मनाया जश्न

### ललितपुर में जूलूस रहा आकर्षण का केन्द्र, हरे परचमों से पटा रहा शहर, पूरे शहर में हुई सजावट

**ललितपुर।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर की विभिन्न मस्जिदों में महफिलें रातभर गुलजार रहीं। इस चांद की रोशनी से सारी दुनिया में दीने इस्लाम फैला है पैगंबर मोहम्मद स.अ.ब. के जन्मदिन को लेकर मुस्लिम समुदाय में विशेष उत्साह देखा गया। ललितपुर जनपद में गोविंद नगर से लेकर आज़ाद चौक नदीपुरा अजीतापुरा, मउठाना रावरपुरा बाबा सदन शाह, घुसाना जुलूस जेल चौराहे होता हुआ घंटाघर सावरकर चौक से तलबपुरा फिर आजाद चौक जुलूस-ए- मोहम्मदी निकाला गया, नदीपुरा पर मीलाद शरीफ होकर जुलूस का



समापन हुआ। जिस में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।
जुलूस में मस्जिद नबवी काबा सरीफ मस्जिद सदन शाह बाबा सदन शाह का मजार व, दुनिया भर के खूबसूरत मस्जिदों को सजाकर साथ लेकर चल रहे थे जुलूस में बच्चे, बूढ़े और नौजवान सभी शामिल थे।
हाथों में इस्लामी झंडे और बैनर तिरंगा झंडा लेकर लोग नारे लगाते हुए चलते रहे। जुलूस मार्ग पर जगह जगह पर अनेक कमेटियों ने स्टेज बना कर जुलुसे मोहम्मदी का इस्तकबाल किया और हौसला अफज़ाई की। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। जिलाधिकारी अमनदीप डुली व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने स्वयं पुलिस बल के साथ जुलूस का सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा।
ईद मिलादुन्नबी के इस मौके पर पूरे नगर में धार्मिक सौहार्द और एकता का माहौल बना रहा, जहां सभी समुदायों ने मिलकर इस पर्व को उत्साह के साथ मनाया।

## प्रयागराज में 6 साल की बच्ची से रेप

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 6 साल की बच्ची से रेप किया गया। किराना की दुकान चलाने वाला युवक बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने दुकान के अंदर बुला लिया। इसके बाद उसके साथ दरिंदगी की। बच्ची चीखी, तो मुंह पर हाथ रख दिया। रेप के बाद बच्ची रोती रही। फिर उसने डराना शुरू किया। कहा- किसी से बताया तो चाकू से काट देंगे। कुछ देर बाद बच्ची घर चली गई। बुधवार को घर जाकर ज्यादातर वक्त सोती रही। गुरुवार को अचानक उसके प्राइवेट पार्ट से ब्लड आने लगा। वह दर्द से तड़पने लगी तो घरवालों ने बहलापुर पूछा। इसके बाद मासूम ने पूरी घटना बयां कर दी। परिवार वालों ने दुकान पर पहुंच हंगामा किया, तो आरोपी धमकी देकर भागने लगा। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया गया है। बच्ची अस्पताल में भर्ती है। उसका बयान दर्ज कर लिया गया। ये मामला गंगापार इलाके के बहरिया थाना क्षेत्र के एक गांव का है। प्राथमिक स्कूल में कक्षा-1 में पढ़ने वाली छात्रा घर के पास ही किराना की एक दुकान से अक्सर टॉफी खरीदने जाती थी। दुकानदार सुरेश कुमार पुत्र राज बहादुर पटेल बच्ची पर गंदी निगाह रखता था। दोपहर बच्ची दुकान के पास खेल रही थी, तभी सुरेश ने उसे पास बुलाया। चॉकलेट देने के बहाने उसे दुकान के पीछे के हिस्से में ले गया। उसके साथ अश्लीलता करने के बाद रेप किया। बच्ची रोती रही तो उसके मुंह में चाकलेट डाले रहा। फिर मुंह पर हाथ रख लिया।

## सिपाही ने कार से बाइक सवार पति-पत्नी को रौंदा

**सहारनपुर।** सहारनपुर में हेड कॉन्स्टेबल ने कार से बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी की हालत नाजुक है। गुरुवार शाम 4 बजे दोनों बैंक जा रहे थे, तभी सामने से आ रही बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। टक्कर से पति-पत्नी दूर जाकर गिरे। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को अस्पताल भिजवाया। देर रात इलाज के दौरान पति ने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के बाद जब उन्होंने कार का गेट खोला तो हेड कॉन्स्टेबल नशे में धुत मिला। उसकी कार से शराब की बोतल भी बरामद हुई। इसके बाद गुस्साए लोगों ने हंगामा कर दिया। भीड़ को उग्र होता देख पुलिस ने हेड कॉन्स्टेबल को हिरासत में ले लिया। हादसा बेहट चौराहे पर हुआ। राशिद, बेहट थाना क्षेत्र के पठानपुरा जसमौर गांव के रहने वाले थे। वह मजदूर करके घर चलाते थे। राशिद के पांच बच्चे हैं। परिवार के अनुसार, सबसे बड़े बेटे की शादी हो चुकी है, जबकि चार बच्चे अभी अविवाहित हैं। राशिद गुरुवार शाम साढ़े 3 बजे पत्नी मुन्नी के साथ बैंक जाने के लिए निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जब दोनों बेहट चौराहे पर पहुंचे, तभी करीब 70 की रफ्तार से आ रही बेकाबू स्विफ्ट कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

# ईद मिलादुन्नवी के अवसर पर शहर के नदीपुरा स्थित चौकीपुरा इलाके में केएनजी संस्था द्वारा एक सम्मान समारोह हुआ आयोजित

**ललितपुर।** ईद मिलादुन्नवी के अवसर पर शहर के नदीपुरा स्थित चौकीपुरा इलाके में पुलिस सेवा ग्रुप द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शहर के जाने माने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवम समाजसेवी डॉक्टर राजकुमार जैन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन समेत शहर के कई गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद रहे. इस पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी



मुख्य अतिथियों का कमेटी की ओर से स्वागत बंदन किया गया. कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉक्टर राजकुमार जैन ने सभी को ईद मिलादुन्नवी की शुभकामना देते हुए कहा कि हम सबको मिलकर एक दूसरे के त्योहारों को मिलकर भाईचारे के साथ मनाना चाहिए जिससे हमारे देश में अमन चैन और शांति बनी रहे आपको बता दें कि ईद मिलादुन्नवी के अवसर पर आज शाम नगर में जुलूस-ए-मुहम्मदी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हजारों मुस्लिम धर्मावलंबी शिरकत करेंगे इस आयोजन में लोग पैगंबर-ए-इस्लाम के शान में नारे लगाएंगे, मुहम्मदी परचम लहराएंगे, और मस्जिदों एवम मुहल्लों को इस्लामी परचम से सजाएंगे शहर के मुस्लिम मोहल्लों, मस्जिदों और मदरसों में बड़े पैमाने पर इसकी तैयारियां चल रही हैं।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने दो वांछित अभियुक्त किए गिरफ्तार



**ललितपुर।** बार पुलिस ने शुक्रवार को दो वांछितों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी,तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बार पुलिस द्वारा थाना बार पर पंजीकृत . मु0अ0सं0 295//25 धारा 191(2)/115(2)/352/351(3) बीएनएस में वाँछित दो अभियुक्तगण नेपाल सिंह लोधी पुत्र तुलसीराम लोधी उम्र करीब 25 वर्ष गौरव राजा पुत्र बहादुर सिंह उम्र करीब 22 वर्ष नि0गण ग्राम देवरान थाना बार जिला ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर,आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार करने वाली टीम उ.नि. मानसिंह का. त्रिदेव का. अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

## फिरोजाबाद में गणेश विसर्जन के दौरान हादसा

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के ग्राम सभा लालऊ में गणेश विसर्जन के दौरान शुक्रवार को एक युवक तालाब में डूब गया। मोहल्ला हमापुर निवासी 25 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार अपने साथियों के साथ तालाब पर गणेश प्रतिमा विसर्जन करने आया था। विसर्जन के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना दक्षिण प्रभारी योगेंद्र पाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू करवाई। घटना के दो घंटे बाद तक युवक का कोई पता नहीं चल सका। तालाब के किनारे परिजनों सहित बड़ी संख्या में लोग जमा हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस तालाब में पहले भी कई लोग डूबकर जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद तालाब के किनारों पर कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर डटी हुई है। गोताखोर लगातार तलाश में जुटे हैं। स्थानीय लोगों ने तालाब के किनारे सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। एसडीएम सत्येंद्र सिंह का कहना है कि गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है।

## सोनभद्र में चलती स्कूटी पर दो युवतियों का स्टंट

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में दो युवतियों का चलती स्कूटी पर खतरनाक स्टंट करने का वीडियो सामने आया है। वीडियो सामने आने पर पुलिस हरकत में आई। दोनों के खिलाफ यातायात नियमों की अनदेखी पर 3 हजार रुपए का चालान काट दिया। यह मामला अनपरा थाना क्षेत्र के परासी गांव का बताया जा रहा है। वीडियो में स्कूटी पर सवार दो युवतियां बिना हैंडल पकड़े चलती गाड़ी पर डांस करती नजर आ रही हैं। चारों ओर खेतों के बीच ये स्टंट किया गया, जहां अचानक कोई वाहन आने या स्कूटी अनियंत्रित होने पर बड़ा हादसा हो सकता था। वीडियो के दूसरे हिस्से में दोनों स्कूटी रोककर रील्स शूट करती भी दिखाई दे रही हैं। खास बात यह रही कि दोनों ने एक जैसे रंग के कपड़े पहन रखे थे और निडर होकर स्टंट कर रही थीं। वीडियो होने के बाद अनपरा पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 3 हजार रुपए का चालान जारी किया। साथ ही दोनों युवतियों को भविष्य में ऐसा खतरनाक स्टंट न करने की सख्त हिदायत दी। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह का स्टंट न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि जानलेवा भी हो सकता है।

## लाठीचार्ज के विरोध में एबीवीपी का प्रदर्शन

**बिजनौर।** बिजनौर में शुक्रवार शाम को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकाला। यह जुलूस लखनऊ में एबीवीपी छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में आयोजित किया गया। जुलूस की शुरुआत शास्त्री चौक से हुई। कार्यकर्ता शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हाथों में मशाल लेकर आगे बढ़े। एबीवीपी का आरोप है कि लखनऊ पुलिस ने छात्रहितों की आवाज दबाने का प्रयास किया है। एबीवीपी पदाधिकारियों ने दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने लखनऊ कूच करने की चेतावनी भी दी है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शहर के मुख्य चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह विरोध लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने की बात कही है।

## सहारनपुर में मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार

**सहारनपुर।** सहारनपुर में पुलिस की एक गैंगस्टर से मुठभेड़ हो गई। बदमाश गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहा था। पुलिस ने जब पकड़ने का प्रयास किया तो उसने गोली चला दी। पुलिस को काउंटर फायरिंग करनी पड़ी। जिसके बाद बदमाश के पैर पर गोली लग गई। जिससे वो घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया। मामला थाना सरसावा क्षेत्र का है। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि थाना सरसावा पुलिस की टीम शाहजहांपुर-नकुड़ रोड पर ग्राम हुसैनपुर के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी शाहजहांपुर की ओर से बिना नंबर की काली स्पलेंडर बाइक पर एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वो इस्माइलपुर की ओर जाने वाली लोकल रोड पर बाइक घुमाकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो युवक बाइक समेत खेत की चकरोड़ पर गिर गया। पकड़े जाने से बचने के लिए उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत

**गोरखपुर।** गोरखपुर-महाराजगंज मार्ग पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। भटहट पुलिस चौकी और अतरौलिया गांव के बीच दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी विवेक सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को बीआरडी मेडिकल कॉलेज भिजवाया। अस्पताल में इलाज के दौरान महाराजगंज के पिपरालाला गांव निवासी मोहम्मद आरिफ (16) की मौत हो गई। मृतक के साथ उसका एक रिश्तेदार भी घायल हुआ है। दूसरी बाइक पर सवार घायल युवक की पहचान गोरखपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज निवासी इश्तियाक के रूप में हुई है। दो अन्य घायलों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को अपने कब्जे में ले लिया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गोरखपुर में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**उरुवा, गोरखपुर।** गोरखपुर के सिकरीगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पुरवा गांव निवासी विवेक शाही (32) और राम भजन मौर्य के रूप में हुई है। घटना रात करीब 8 बजे की है। विवेक शाही और राम भजन मौर्य मोटरसाइकिल से गोरखपुर से अपने गांव लौट रहे थे। सिकरीगंज की तरफ से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को ग्रामीणों ने जिला अस्पताल ले जाने का प्रयास किया। लेकिन रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई।घटना की खबर सुनते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। थानाध्यक्ष सिकरीगंज कमलेश कुमार का कहना है कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### इलिनोइस में सार्वजनिक परिवहन पर हथियार ले जाने पर प्रतिबंध को मंजूरी

**स्प्रिंगफील्ड, एजेंसी।** संघीय अपील अदालत ने इलिनोइस में सार्वजनिक परिवहन पर हथियार ले जाने पर प्रतिबंध को मंजूरी दे दी है। साथ ही निचली अदालत के उस फैसले को पलट दिया है जिसमें पाया गया था कि यह प्रतिबंध दूसरे संशोधन का उल्लंघन करता है। अमेरिकी अपील अदालत के न्यायाधीश जोशुआ कोलार ने तीन न्यायाधीशों वाले पैनल के बहुमत के मत में लिखा कि यह प्रतिबंध संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले, सीमित स्थानों पर हथियारों की सीमा तय करने की सदियों पुरानी प्रथा के अनुकूल है।

### वेनेजुएला गिरोह का पुराने कानून से निर्वासन न करें ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी संघीय अपीलीय अदालत ने फैसला दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 18वीं सदी के युद्धकालीन कानून का इस्तेमाल करके उन लोगों को निर्वासित नहीं सकते, जिन पर उनकी सरकार वेनेजुएला के एक गिरोह का सदस्य होने का आरोप लगाती है। इस फैसले से ट्रंप प्रशासन की बड़ी पहल पर रोक लग गई है। देश की रूढ़िवादी संघीय अपील कोर्ट में तीन जजों की पीठ ने 2-1 से दिए फैसले में प्रवासी अधिकार कार्यकर्ताओं व निचली अदालतों की दलीलों से सहमति जताई।

### ट्रंप प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट से टैरिफ मामले में त्वरित सुनवाई की मांग की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ट्रंप प्रशासन ने बुधवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए राष्ट्रपति द्वारा लगाए गए टैरिफ को वैध ठहराने की त्वरित मांग की। इससे पहले, फेडरल सर्किट की अपील अदालत ने फैसला सुनाया था कि डोनाल्ड ट्रंप के अधिकांश टैरिफ आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत अवैध हैं, हालांकि अदालत ने उन्हें फिलहाल लागू रहने दिया। प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि वह जल्द हस्तक्षेप करे और राष्ट्रपति को संघीय कानून के तहत व्यापक व्यापारिक दंड लगाने का अधिकार स्पष्ट करे। यह मामला ट्रंप की व्यापार नीतियों और अमेरिकी राष्ट्रपति की शक्तियों के दायरे को लेकर महत्वपूर्ण कानूनी मोड़ माना जा रहा है।

### यूएन का दावा, यमन में हूतियों की हिरासत में हैं 19 कर्मचारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** विश्व निकाय के मुताबिक, यमन की राजधानी में उसके कार्यालयों पर धावा बोलने के दौरान ईरान समर्थित हूतियों ने 19 कर्मचारियों को हिरासत में लिया। यह शुरुआत में बताई गई संख्या से अधिक है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि हिरासत में लिए गए उसके कर्मचारियों में से 18 यमन के नागरिक हैं और एक अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी है। उन्होंने सभी को तुरंत रिहा करने की अपील की।

### ब्रिटिश उप प्रधानमंत्री ने कम संपत्ति कर जमा किया, बर्खास्तगी की मांग

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की उप-प्रधानमंत्री और आवास मंत्री एंजेला रेनर ने स्वीकार किया कि उन्होंने गलत कानूनी सलाह मिलने के बाद हाल ही में इंग्लैंड के दक्षिणी तट पर खरीदे गए नए घर पर कम कर का भुगतान किया था। उनकी यह स्वीकारोक्ति कम स्टाम्प ड्यूटी को लेकर कई सप्ताह से मीडिया में गहन कवरेज के बाद आई है। इसके साथ ही विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी ने उन्हें बर्खास्त करने की मांग की। रेनर ने कहा, मैं स्वीकार करती हूं कि वकीलों पर भरोसा करने के कारण गलती हुई। उन्होंने प्रावधानों को नहीं समझा। मैंने खरीद के समय उचित स्टाम्प शुल्क का भुगतान नहीं किया।

### हॉट माइक से लीक हुई पुतिन और जिनपिंग की बातचीत

# इंसानों की उम्र बढ़ाने की संभावना पर कर रहे थे चर्चा



**बीजिंग, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके चीन के समकक्ष शी जिनपिंग जब बुधवार को कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे थे, तो एक हॉट माइक ने उनकी बातचीत रिकॉर्ड कर ली, जिसमें वह अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन ट्रांसप्लांट) और इंसानों की उम्र 150 साल तक बढ़ाने की संभावना पर बात कर रहे थे। यह पल तब आया जब पुतिन और जिनपिंग उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के साथ मिलकर एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थे। इस प्रतिनिधिमंडल में दो दर्जन से ज्यादा विदेशी नेता शामिल थे। ये सभी बीजिंग में आयोजित एक सैन्य परेड देखने पहुंचे थे। यह भव्य सैन्य परेड द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित की गई थी।

**1.9 अरब बार देखी गई कार्यक्रम की सीसीटीवी कवरेज :** चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के लाइवस्ट्रीम में यह पल रिकॉर्ड हुआ, जिसमें सीजीटीएन, एपी और रॉयटर्स सहित अन्य मीडिया ने भी प्रसारित किया। चीन के रेडियो और टेलीविजन प्रशासन ने बताया कि इस कार्यक्रम की सीसीटीवी कवरेज को 1.9 अरब बार ऑनलाइन देखा गया और 40 करोड़ से ज्यादा लोगों ने देखा।

**तीनों नेताओं में क्या बातचीत हुई? :** जैसे ही पुतिन और जिनपिंग, किम जोंग उन के साथ परेड देखने के लिए तियानानमेन के मंच की ओर बढ़ रहे थे, तो पुतिन के अनुवादक की चीनी भाषा में आवाज सुनाई दी, जिसमें वह कह रहे थे- बायोटेक्नोलॉजी लगातार विकसित हो रही है। इसके बाद एक अस्पष्ट हिस्से के बाद अनुवादक ने कहा, मानव अंगों का बार-बार प्रत्यारोपण किया जा सकता है। जितना अधिक आप जीते हैं, उतने ही युवा होते जाते हैं और (आप) भी प्राप्त कर सकते हैं। शी जिनपिंग उस समय कैमरे में नहीं दिख रहे थे, लेकिन उन्हें चीनी भाषा में जवाब देते हुए सुना गया- कुछ लोगों का अनुमान है कि इस सदी में इंसान 150 तक जी सकते हैं।

किम जोंग उन मुस्करा रहे थे और पुतिन व शी की ओर देख रहे थे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह बातचीत उनके लिए अनुवाद की जा रही थी या नहीं। सीसीटीवी क्लिप में पुतिन की आवाज रूसी भाषा में साफ-साफ सुनाई नहीं दी। रूसी सरकार ने इस पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। चीन के विदेश मंत्रालय और सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने भी रॉयटर्स के सवालों का जवाब नहीं दिया।

**कार्यक्रम में मौजूद थे 50 हजार से अधिक लोग :** जैसे ही शी ने बोलना शुरू किया, वीडियो में दृश्य बदल गया और तियानानमेन स्क्वायर का दूर का शॉट दिखाया गया और ऑडियो धीमा हो गया। करीब तीस सेकंड बाद ही शी, पुतिन और किम दोबारा कैमरे में दिखाई दिए, जब वे परेड देखने के लिए मंच की ओर सीढ़ियों से ऊपर जा रहे थे। कार्यक्रम में पचास हजार से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। अपने संबोधन में शी जिनपिंग ने कहा कि दुनिया अभी शांति या युद्ध के विकल्प के बीच खड़ी है। उन्होंने हाइपरसोनिक मिसाइलों और नौसैनिक ड्रोन जैसे अत्याधुनिक हथियारों का निरीक्षण भी किया।

**चीन और रूस के बीच कई समझौते :** पुतिन रविवार को चीन पहुंचे थे, जहां उन्होंने चीन की मेजबानी में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 20 से अधिक वैश्विक नेता शामिल हुए। पुतिन और शी ने उर्जा से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक 20 से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने एक नई गैस पाइपलाइन बनाने पर भी सहमति जताई। हालांकि गैस के दाम और वित्त जैसे अहम बिंदुओं पर कोई जानकारी नहीं दी गई।

# ट्रंप को बड़ा झटका, जज ने पलट दिया हार्वर्ड की फंडिंग में कटौती वाला फैसला



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका की एक अदालत ने ट्रंप सरकार के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को दी जाने वाली 2.6 अरब डॉलर की रिसर्च फंडिंग में कटौती की गई थी। यह हार्वर्ड के लिए बड़ी जीत है। जज एलिसन बरोज ने कहा कि यह कटौती गलत थी और इसे सिर्फ इसलिए किया गया क्योंकि हार्वर्ड ने सरकार की कुछ मांगों को मानने से इनकार कर दिया था।

**पूरा विवाद समझिए :** ट्रंप सरकार ने हार्वर्ड पर आरोप लगाया था कि वह परिसर में यहूदी-विरोधी गतिविधियों को रोकने में नाकाम रहा और वहां बहुत ज्यादा उदारवादी विचारों को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रशासन ने 11 अप्रैल को एक पत्र के माध्यम से हार्वर्ड से परिसर में विरोध प्रदर्शनों, अकादमिक नीतियों और प्रवेश प्रक्रियाओं में व्यापक बदलाव की मांग की थी। इस पत्र में छात्रों और शिक्षकों के दृष्टिकोण का ऑडिट करने, मेरिट-आधारित प्रवेश और नियुक्ति नीतियों को लागू करने, और विविधता, समानता और समावेशन कार्यक्रमों को बंद करने जैसे कदमों की मांग की गई थी।

हार्वर्ड ने 14 अप्रैल को इन मांगों को ठुकरा दिया, जिसके तुरंत बाद ट्रंप प्रशासन ने 2.2 अरब डॉलर की रिसर्च फंडिंग को फ्रीज कर दिया। मई में शिक्षा सचिव लिंडा मैकमोहन ने घोषणा की कि हार्वर्ड नई फंडिंग के लिए पात्र नहीं होगा, और बाद में प्रशासन ने हार्वर्ड के साथ कॉन्ट्रैक्ट्स को रद्द करना शुरू कर दिया।

**न्यायिक फैसला :** जज बरोज ने अपने 84 पेज के आदेश में कहा कि ट्रंप प्रशासन ने यहूदी-विरोधी गतिविधियों का हवाला देकर रिसर्च फंडिंग को अवैध रूप से रोकने के लिए फर्जी कहानी बनाई। जज ने अपने फैसले में कहा कि सरकार ने यहूदी-विरोधी गतिविधियों का बहाना बनाकर हार्वर्ड की फंडिंग रोकी, जो गलत था। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने कानून के नियमों का पालन नहीं किया। जज ने आदेश दिया कि हार्वर्ड की सारी फंडिंग बहाल की जाए और भविष्य में ऐसी कटौती न हो, जो हार्वर्ड के अधिकारों का उल्लंघन करे।

**हार्वर्ड की प्रतिक्रिया :** हार्वर्ड के अध्यक्ष एलन गार्बर ने यहूदी-विरोधी भावनाओं से लड़ने की प्रतिबद्धता जताई, लेकिन कहा कि कोई भी सरकार निजी विश्वविद्यालयों को यह तय करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती कि वे क्या पढ़ाएं, किसे प्रवेश दें या नियुक्त करें, और किन क्षेत्रों में रिसर्च करें। वाइट हाउस की प्रवक्ता लिज हस्टन ने जज बरोज को ओबामा द्वारा नियुक्त कार्यकर्ता जज करार देते हुए फैसले की निंदा की और कहा कि सरकार तत्काल अपील करेगी। उन्होंने दावा किया कि हार्वर्ड ने अपने छात्रों को उत्पीड़न से बचाने में विफलता दिखाई और परिसर में भेदभाव को पनपने दिया। हस्टन ने कहा, हार्वर्ड को करदाताओं के धन का संवैधानिक अधिकार नहीं है और वह भविष्य में अनुदानों के लिए अयोग्य रहेगा।

## किम के बाद बेटी जू बन सकती हैं सत्ता की दावेदार, पिता के साथ चीन जाने से अटकलें हुईं तेज



**प्योंगयाग, एजेंसी।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन एक ऐसी शख्सियत हैं जिनके आसपास की दुनिया हमेशा रहस्यमयी बनी रहती है। वहां की अंदरुनी राजनीति के बारे में भी बाहरी दुनिया को बहुत कम जानकारी होती है। यहां की सत्ता केवल किम परिवार के हाथों में ही रही है। उत्तर कोरिया के मौजूदा नेता किम जोंग उन इसी परंपरा को आगे बढ़ाते नजर आ रहे हैं। अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि उनके बाद उत्तर कोरिया की सत्ता उनकी बेटी किम जू ए के हाथों में होगी। इन अटकलों को इस बात से और बल मिला कि किम जोंग उन चीन के सैन्य परेड में शामिल होने गए तो अपनी इस किशोर बेटी को भी साथ ले गए।

विदेश के किसी कार्यक्रम में जू ए की यह पहली मौजूदगी थी। नवंबर 2022 में वह पहली बार अपने पिता के साथ किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखीं थी। यह वह समय था जब उत्तर कोरिया ने अपनी सबसे बड़ी अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण का सफल प्रदर्शन किया था। परीक्षण स्थल पर किम जोंग बेटी का हाथ पकड़े दिखे थे। उसके बाद से जू अपने पिता के साथ देश में ही कई महत्वपूर्ण और समारोहों में दिखती रही हैं।

**परिवार की चौथी पीढ़ी की नेता होंगी :** विशेषज्ञों का मानना है कि चीन की यात्रा से किम जोंग अपनी बेटी को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाकर भविष्य की दिशा तय कर रहे हैं। वह यह संदेश देना चाहते हैं कि सत्ता आगे भी परिवार में ही रहेगी। अगर ऐसा होता है तो वह परिवार की चौथी पीढ़ी की नेता होंगी। हालांकि, पुरुष प्रधान देश में किसी महिला को नेता के रूप में स्वीकारना आसान नहीं होगा। किम जोंग की स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर कई बार रिपोर्टें आ चुकी हैं।

# पीएम मोदी को रूस और चीन के करीब ला रहा व्हाइट हाउस, ट्रंप के पूर्व सलाहकार जॉन बोल्टन का बयान



**वॉशिंगटन , एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने गुरुवार (स्थानीय समय) को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचना की। उन्होंने भारत पर लगाए गए 50 टैरिफ को लेकर ट्रंप पर निशाना साधा और उन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस और चीन के करीब लाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ट्रंप की टैरिफ नीति ने पिछले अमेरिकी प्रशासन की दशकों की मेहनत पर पानी फेर दिया है।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बोल्टन ने एक पोस्ट में कहा, व्हाइट हाउस ने पीएम मोदी को रूस और चीन के करीब लाकर अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है। बीजिंग ने खुद को अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के विकल्प के रूप में पेश किया है। उन्होंने ट्रंप की टैरिफ नीति की आलोचना करते हुए कहा कि इसने भारत को तत्कालीन सोवियत संघ (रूस) के साथ शीत युद्ध के संबंधों से दूर करने और चीन से बढ़ते खतरे से निपटने के दशकों के पश्चिमी प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है।

**जिनपिंग को पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य को नया रूप देने का अवसर दिया :** इससे पहले सोमवार (स्थानीय समय) को एक्स पर कई पोस्टों में बोल्टन ने ट्रंप पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया था। साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव दिया था कि इस नीति ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य को नया रूप देने का अवसर दिया है।

**विनाशकारी टैरिफ नीति से दशकों के प्रयासों को ध्वस्त किया :** बोल्टन ने अपने एक पोस्ट में कहा, पश्चिम ने दशकों से भारत को सोवियत संघ या रूस के साथ शीत युद्ध के लगाव से दूर करने की कोशिश की है और चीन की ओर से उत्पन्न खतरे के प्रति भारत को आगाह किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी विनाशकारी टैरिफ नीति से दशकों के प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है। एक अन्य पोस्ट में लिखा था, डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कूटनीतिक कदमों को व्यापक रणनीतिक संदर्भ में देखने की अनिच्छा ने शी जिनपिंग को पूर्व को फिर से स्थापित करने का अवसर दिया है।

**50 फीसदी टैरिफ की आलोचना की :** जॉन बोल्टन एक पूर्व अमेरिकी सरकारी अधिकारी हैं, जिन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के पहले कार्यकाल में उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (2018-19) के रूप में कार्य किया था। बाद में त्कालीन प्रशासन की विदेश नीति पर ट्रंप के साथ मतभेदों के कारण उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका की ओर से भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद (जिसमें नई दिल्ली की ओर से रूसी कच्चे तेल की खरीद के कारण 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ भी शामिल था) बढ़ते आर्थिक तनाव के कारण नई दिल्ली वैश्विक अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है।

**चीन में साथ आए थे पीएम मोदी, जिनपिंग और पुतिन :** यह टिप्पणी चीन के तियानजिन में 25वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्ष परिषद शिखर सम्मेलन के समापन के बाद आई है, जिसके दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन से इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

# चीन से किम जोंग का जूठा गिलास ले गए बॉडीगार्ड्स -पुतिन से मुलाकात के बाद फिंगरप्रिंट भी मिटाए

### सीक्रेट जानकारी लीक होने का खतरा



**बीजिंग, एजेंसी।** नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने बुधवार को चीन की राजधानी बीजिंग में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। डेली मेल के मुताबिक, इस मुलाकात के बाद किम जोंग के गार्ड्स उनका जूठा गिलास अपने साथ ले गए। उन्होंने उस कुर्सी-टेबल को भी सावधानी से साफ कर दिया, जिस पर किम बैठ थे। रूसी पत्रकार अलेक्जेंडर युनाशेव ने बताया कि मीटिंग के बाद कुर्सी, टेबल और आस पास की चीजों को इस तरह साफ किया कि उन पर किम का कोई निशान नहीं छूट जाए।

एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि ये रूस और चीन की जासूसी से बचने की कोशिश हो सकती है या फिर किम अपनी हेल्थ की जानकारी छिपाना चाहते हैं। किसी नेता के फिंगर प्रिंट और मल-मूत्र से उसके डीएनए और हेल्थ से जुड़ी सीक्रेट जानकारी पता की जा सकती है।

**सीक्रेट जानकारी लीक होने का खतरा :** फिंगरप्रिंट से किसी भी इंसान के सीक्रेट दस्तावेज तक पहुंच हासिल की जा सकती है। फिंगरप्रिंट का इस्तेमाल फोन, लैपटॉप, और सीक्रेट ठिकानों में एंट्री के लिए भी होता है। किसी भी देश के नेता का स्वास्थ्य 'टॉप सीक्रेट' माना जाता है। अगर ये जानकारी बाहर आ जाए तो दुश्मन देश उसकी कमजोरियों का फायदा उठा सकते हैं।

विदेशी एजेंसियां स्वास्थ्य रिपोर्ट लीक कर यह छवि बना सकती हैं कि राष्ट्रपति कमजोर या बीमार हैं। इससे घरेलू राजनीति और जनता का भरोसा डगमगा सकता है। यही वजह है कि दुनिया के कई देशों की सिक्योरिटी एजेंसी विदेश दौरे पर अपने नेता के फिंगरप्रिंट साफ कर देती हैं और उनके मल-मूत्र वापस ले जाती है।

**कोरोना के बाद पहली बार चीन पहुंचे किम जोंग :** पत्रकार युनाशेव के मुताबिक, किम और पुतिन की मुलाकात अच्छी रही। दोनों नेता खुश थे और बाद में साथ में चाय पीने गए। किम ने पुतिन से कहा- अगर मैं रूस के लिए कुछ कर सकता हूं, तो मुझे खुशी होगी।

पुतिन ने उत्तर कोरिया को यूक्रेन में सैनिक भेजने के लिए शुक्रिया कहा। कोविड-19 के बाद किम जोंग का यह पहला चीन दौरा था। यहां उन्होंने पुतिन के साथ चीन की विक्ट्री डे परेड में हिस्सा लिया।

# हैती में गिरोहों से निपटेगा 5550 सैनिकों वाला नया बल, अमेरिका और पनामा ने यूएनएससी के सामने रखा प्रस्ताव



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और पनामा ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से आग्रह किया है कि हैती में बढ़ती हिंसा को रोकने के लिए 5,550 सदस्यों वाले एक नए अंतरराष्ट्रीय बल को मंजूरी दी जाए और इस बल को गिरोहों के सदस्यों को हिरासत में लेने की शक्ति भी दी जाए। दोनों देशों ने यूएनएससी के सामने एक मसौदा रखा है, जिसमें हैती में पहले से तैनात केन्या के अगुवाई वाले बल को बदलने की बात कही गई है। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

**राजधानी के 90 फीसदी हिस्से पर कब्जा कर चुके गिरोह :** सबसे पहले केन्या के सैनिक जून 2024 में हैती पहुंचे थे। बल में शुरुआत में सैनिकों की संख्या ढाई हजार होनी थी, लेकिन फंड की कमी के कारण इस संख्या को फिहलाल एक हजार से भी कम रखा गया है। हैती में 2021 में राष्ट्रपति जोवेनेल मोइज की हत्या के बाद से गिरोहों की ताकत काफी बढ़ गई है। ये गिरोह अब राजधानी पोर्ट-ओ-प्रिंस के नब्बे फीसदी हिस्से पर कब्जा कर चुके हैं और गांवों तक अपना नेटवर्क फैला चुका हैं। इन गिरोहों के सदस्य लूटपाट, अपहरण, यौन हिंसा और दुष्कर्म जैसे अपराधों में शामिल हैं। राष्ट्रपति की हत्या के बाद से हैती में कोई निर्वाचित राष्ट्रपति नहीं है।

**छह पन्नों के मसौदे में क्या कहा गया? :** छह पन्नों के मसौदे में हैती का धन्यवाद किया गया है कि उसने इस अंतरराष्ट्रीय बल का नेतृत्व किया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की फरवरी में कही गई बात को दोहराया गया है कि यह बल गिरोहों के बढ़ते प्रभाव को रोकने में विफल रहा है, इसलिए इसे और मजबूत करने की जरूरत है। अमेरिका की कार्यवाहक राजदूत डोरोथी शीया ने 28 अगस्त को कहा था कि अमेरिका एक नए गिरोह दमन बल के लिए संयुक्त राष्ट्र की मंजूरी चाहता है। यह मसौदा प्रस्ताव कहता है कि यह नया बल हैती सरकार के सहयोग से एक साल तक काम करेगा और उसे गिरोहों के जुड़े लोगों को पकड़ने और हिरासत में लेने की शक्ति होगी। इस बल में 5,500 वर्दी पहने सैनिक और पचास नागरिक होंगे, जिनका वेतन स्वैच्छिक योगदान से दी जाएगी। हालांकि, इसमें यह नहीं बताया गया हैकि केन्या या कोई अन्य देश सैनिक या पुलिस बल देगा या नहीं। प्रस्ताव में कहा गया है कि यह बल स्वतंत्र रूप से खुफिया आधारित कार्रवाई कर गिरोहों को अलग करने, खत्म करने और उन्हें रोकने का काम करेगा, ताकि नागरिकों के खिलाफ हिंसा, मानवाधिकार हनन और हैती की संस्थाओं को कमजोर होने से रोका जा सके। यह नया बल हवाई अड्डों, बदरगाहों, स्कूलों, अस्पतालों जैसी महत्वपूर्ण जगहों की सुरक्षा भी करेगा और हैती की पुलिस व सेना के साथ मिलकर काम करेगा।

# एलन मस्क की बेटी विवियन विल्सन बोलीं- लोग सोचते हैं कि मेरे पास बहुत पैसा है, लेकिन मैं बहुत गरीब हूं



**वााशिंगटन, एजेंसी।** टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक, दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की बेटी विवियन विल्सन ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि लोग उन्हें अरबपति की बेटी मानकर बेहद अमीर समझते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि वह कंगाल हैं और साधारण जिंदगी जी रही हैं। 21 वर्षीय विवियन मॉडलिंग के क्षेत्र में कदम रख रही हैं। उन्होंने द कट मैग्जीन से बातचीत में बताया कि वह तीन रूममेट्स के साथ रहती हैं क्योंकि यह सस्ता पड़ता है। उन्होंने साफ कहा, लोग सोचते हैं कि मेरे पास बहुत पैसा है, लेकिन मेरे पास लाखों-करोड़ों डॉलर नहीं हैं।

**अमीर पिता से दूरी :** विवियन ने स्वीकार किया कि उनकी मां आर्थिक रूप से संपन्न हैं और उनके पिता एलन मस्क अकल्पनीय रूप से धनी हैं, लेकिन उन्होंने खुद को इस अमीरी से अलग रखा है। उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत ज्यादा अमीर बनने की कोई इच्छा नहीं है। उन्होंने कहा, मेरे पास रहने की जगह है, दोस्त हैं, खाने को है और थोड़ा-बहुत खर्च करने लायक पैसा भी। मेरी उम्र के ज्यादातर लोगों की तुलना में मैं भाग्यशाली हूं।

**बचपन और पढ़ाई :** इंटरव्यू में विवियन ने अपने विशेषाधिकारों से भरे बचपन पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि उन्होंने एक ऐसे प्राइवेट हाई स्कूल में पढ़ाई की जहां अधिकतर नेपो बेबीज पढ़ते थे। उनकी क्लास में हॉलीवुड सितारों ग्वेनेथ पाल्ट्रो और क्रिस मार्टिन की बेटी एपल भी थीं।

विवियन ने यह भी बताया कि उन्हें बचपन से ही कई भाषाएं सिखाई गईं जिनमें कोरियन, चीनी, जापानी और स्पेनिश शामिल हैं। उन्होंने कनाडा और जापान दोनों जगह कॉलेज में पढ़ाई की, लेकिन पढ़ाई अधूरी छोड़ दी। उनका कहना था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव के चलते उनमें मोटिवेशन की कमी हो गई।

**मॉडलिंग और नई पहचान :** विवियन अब एक एजेंट से जुड़ चुकी हैं और हाल ही में टीन वोग के कवर पर नजर आईं। हालांकि उन्होंने माना कि उन्हें फेमस होने की आदत नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने बहुत समय तक आम इंसान की तरह दिखने के लिए संघर्ष किया। मैं चाहती हूं कि लोग मुझे सिर्फ स्पष्ट कारणों (एलन मस्क की बेटी) से न जानें।

उन्होंने यह भी कहा कि भले ही उन्हें शोहरत से ज्यादा लगाव नहीं है, लेकिन इसकी वजह से मिलने वाला पैसा उन्हें पसंद है। विवियन ने कहा, मुझे कभी-कभी अपनी पुरानी जिंदगी की सादगी याद आती है। लेकिन मैं यह भी मानती हूं कि फेमस होने से पैसे आते हैं, और यह मुझे अच्छा लगता है।

**पिता से कटु संबंध :** गौरतलब है कि विवियन, मस्क की 14 संतानों में सबसे बड़ी हैं। वर्ष 2022 में उन्होंने कानूनी रूप से अपना नाम और जेंडर बदल लिया था और तब से उन्होंने अपने पिता से सारे संबंध तोड़ दिए हैं। उन्होंने कई बार सोशल मीडिया पर मस्क की आलोचना की है और एक बार तो उन्हें पैथेटिक मैन-चाइल्ड भी कहा था।

# हॉकी एशिया कप 2025: फाइनल में जगह बनाने के लिए चीन से भिड़ेगा भारत, करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**राजगीर (एजेंसी)।** फाइनल में जगह बनाने से एक कदम दूर भारतीय पुरूष हॉकी टीम को एशिया कप 2025 में शनिवार, 6 सितंबर को सुपर 4 चरण के आखिरी मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत चीन के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इससे पहले पांच बार की चैम्पियन दक्षिण कोरिया से 2 -2 से ड्रॉ के बाद भारत ने दूसरे सुपर 4 मैच में मलेशिया को 4 -1 से हराया। इस जीत से चीन के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले हरमनप्रीत सिंह की टीम का मनोबल बढ़ा होगा।

वहीं भारत दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि चीन और मलेशिया के तीन अंक है। दूसरी तरफ कोरिया एक अंक लेकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। सुपर 4 चरण से शीर्ष दो टीमें फाइनल में जायेंगी और भारत के लिये एक ड्रॉ भी काफी होगा। कोरिया के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद भारत ने मलेशिया के खिलाफ बेहतर खेल दिखाया हालांकि शुरूआत बहुत अच्छी नहीं रही। भारत ने शुरूआती गोल गंवा दिया लेकिन इसके बाद शानदार वापसी की।

इसके साथ ही मलेशिया पर मिली जीत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि अभी भी यह टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं है और भारतीय खिलाड़ियों को पता है कि उनसे अपेक्षायें बहुत ज्यादा है। सवाल यह है कि वे अपेक्षाओं पर कैसे खरे उतरें और इसका जवाब भी आसान है कि बारीकियों पर ध्यान देकर अपने प्रदर्शन में और सुधार किया जाये।

बता दें कि, टूर्नामेंट में अभी तक मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद और राजिंदर सिंह ने मिडफील्ड में अच्छा खेल दिखाया है। मलेशिया के खिलाफ फॉरवर्ड पंक्ति से उनका तालमेल कमाल का था। हार्दिक ने खास तौर पर तेज ड्रिबलिंग और अकेले गेंद लेकर दौड़ते हुए कई मौके बनाये। बरसों से भारतीय हॉकी की सेवा कर रहे मनप्रीत ने दिखा दिया कि अभी भी उनके भीतर जीत की भूख कम नहीं हुई है। उन्होंने न सिर्फ मौके बनाये बल्कि गोल के सूत्रधार भी रहे।

अभिषेक, सुखजीत सिंह और मनदीप सिंह ने आक्रमण का जिम्मा बखूबी संभाला और आगे भी इस लय को कायम रखना चाहेंगे। भारत को हालांकि सर्कल के भीतर मिले हर मौके को भुनाना होगा और इसके लिये हड़बड़ाने से बचना जरूरी है। पेनल्टी कॉर्नर कोच फुल्टोन की परेशानी का सबब होगा। अच्छी शुरूआत के बाद कप्तान हरमनप्रीत पेनल्टी कॉर्नर भुनाने में नाकाम रहे। जुगराज सिंह, संजय और अमित रोहिदास का भी यही हाल था। मलेशिया के खिलाफ छह में से एक ही पेनल्टी कॉर्नर पर गोल हो सका और वह भी रिबाउंड पर था। दूसरी ओर पूल चरण में भारत से 3 . 4 से




हारने के बाद से चीन ने अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। लिहाजा भारतीय टीम को एहतियात बरतनी होगी क्योंकि मामूली सी गलती से अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने की उम्मीदों पर पानी फिर सकता है। सुपर 4 चरण के एक अन्य मैच में मलेशिया का सामना दक्षिण कोरिया से होगा।

# भारत/पाक: नीरज चोपड़ा और अरशद नदीम विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भिड़ेंगे




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा और चोट से उबर चुके पाकिस्तानी एथलीट अरशद नदीम इस महीने के आखिर में टोक्यो में होने वाली 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नदीम के चिकित्सक असद अब्बास ने गुरुवार को बताया कि पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं। अब्बास ने टेलीकॉम एशिया को बताया, 'अरशद पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और मैंने उनके ठीक होने और प्रगति पर नजर रखी है। मुझे यकीन है कि वह नीरज और भाला फेंक स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य सभी एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार होंगे।' उल्लेखनीय है कि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित होगी। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का क्वालीफिकेशन 17 सितंबर को और फाइनल अगले दिन होगा। जापान नेशनल स्टेडियम में नीरज चोपड़ा बनाम अरशद नदीम पेरिस 2024 के बाद उनका पहली बार आमना-सामना होगा। पेरिस 2024 के बाद से नदीम ने केवल एक बार प्रतिस्पर्धा की है, मई में कोरिया गणराज्य के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 86.40 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में पिछले महीने डायमंड लीग जीतने वाले जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट के भी भाग लेने की उम्मीद है।

# बीसीसीआई ने जर्सी प्रायोजन की राशि बढ़ायी

**-400 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई होने का अनुमान**

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम जर्सी के प्रायोजन की राशि बढ़ा दी है। इससे अब जर्सी का प्रायोजन करना और महंगा हो जाएगा। बीसीसीआई ने द्विपक्षीय सीरीज में जर्सी प्रायोजन के लिए प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय टूर्नामेंट के लिए प्रति मैच 1.5 करोड़ रुपए कर दिए हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, नई दरें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा स्वीकृत प्रतियोगिताओं पर लागू होंगी। ये राशि वर्तमान दरों से अधिक है। पहले द्विपक्षीय मैचों के लिए 3.17 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय मैचों के लिए 1.12 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाता था। 'ड्रीम 11 के जर्सी प्रायोजक के रूप में हटने के बाद अब बोर्ड ने प्रायोजन की राशि बढ़ायी है। बीसीसीआई को जर्सी प्रायोजन राशि बढ़ाने से 400 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई होने का अनुमान है। ये नई दरें आगामी एशिया कप के बाद से ही अमल में आयेंगी। अब बोर्ड संभावित रूप से प्रति मैच 400 करोड़ रुपए से अधिक कमा सकता है। अंतिम आंकड़ा हालांकि बोली के परिणाम के आधार पर अधिक हो सकता है। ड्रीम 11 के हटने के बाद बीसीसीआई ने मंगलवार को बोलियां आमंत्रित कीं थीं हालांकि इसमें कुह शर्तें भी रखी गयीं थीं। बोर्ड की ओर से बोलियों को लेकर ये शर्त लगायी गयी है कि समूह का ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी आदि से कोई संबंध नहीं होना चाहिये। न ही इसमें संलग्न किसी भी व्यक्ति का कंपनी में किसी भी प्रकार से निवेश होना चाहिये। भारतीय टीम अभी यूएई में 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप में बिना किसी मुख्य प्रायोजक के खेलेगी, क्योंकि बोर्ड ने बोली जमा करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर तय की है। इससे पहले केन्द्र सरकार के गेमिंग एप पर प्रतिबंध के बाद टीम के प्रयोजक ड्रीम 11 से करार समाप्त हो गया था।

# रोहित शर्मा ने यो-यो टेस्ट में हासिल किए 19.4 अंक, कोहली का रिकॉर्ड टूटा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के प्रत्येक सदस्य को यो-यो टेस्ट से गुजरना पड़ता है, जिसे पहली बार विराट कोहली के कप्तानी कार्यकाल के दौरान शुरू किया गया था। यह एक बहु-चरणीय फिटनेस टेस्ट है जो किसी खिलाड़ी की सहनशक्ति और फिटनेस के स्तर को मापता है और BCCI ने गंभीर की निगरानी में इसे फिर से शुरू करने का फैसला किया। विराट कोहली को छोड़कर लगभग सभी भारतीय खिलाड़ी बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) पहुंचे और अपना फिटनेस टेस्ट दिया। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत के वनडे कप्तान रोहित शर्मा ने 19.4 अंकों के साथ अपना फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। लेकिन क्या सच में रोहित ने 19 अंकों का आंकड़ा पार कोहली के यो-यो स्कोर को पीछे छोड़ दिया हैं?



रोहित शर्मा के 19 अंकों के आंकड़े को पार करने की सभी अफवाहें झूठी हैं, क्योंकि BCCI की सख्त नीतियां हैं और क्रिकेटरों को अपने स्कोर कहीं भी उजागर करने की अनुमति नहीं है। वास्तव में, यहां तक कि शासी निकाय (BCCI) भी अपने स्कोर किसी को नहीं बताता है। अगर कोई अपना यो-यो टेस्ट स्कोर उजागर करता है, तो खिलाड़ी को दंडित किया जाता है और उसे बाहर भी किया जा सकता है। ऐसे में यह कहना कि रोहित ने यो-यो टेस्ट में 19 अंक के आंकड़े को पार कर लिया है, यह गलत होगा क्योंकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार रोहित शर्मा, शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या और अन्य सहित लगभग सभी भारतीय क्रिकेटरों ने या तो पूरी तरह या आंशिक रूप से फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। जहां सभी भारतीय खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में अपने टेस्ट पूरे कर लिए, विराट कोहली ने BCCI से आज्ञा लेकर लंदन में अपने परिवार के साथ टेस्ट दिया और कथित तौर पर इसे पास कर लिया है।

# एशिया कप के लिए सूर्यकुमार की कप्तानी में भारतीय टीम दुबई पहुंची

दुबई । सूर्यकुमार यादव की कप्तान में भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए दुबई पहुंच गयी है। कप्तान सूर्यकुमार के साथ ही ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और मुख्य कोच गौतम गंभीर भी नौ सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए दुबई पहुंचे थे। इस बार सारे खिलाड़ी अलग-अलग शहरों से होते हुए दुबई पहुंचे। सूर्यकुमार के अलावा ऑलराउंडर शिवम दुबे, बैटिंग कोच सितांशु कोटक, हार्दिक पंड्या पहले चरण में यहां पहुंचे। वहीं हर्षित राणा, कुलदीप यादव, रिंकू सिंह और अभिषेक शर्मा दूसरे चरण में यहां पहुंचे। इसके बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर भी दुबई एयरपोर्ट पर नजर आये। भारतीय क्रिकेट टीम यहां अपने अभियान की शुरुआत यूएई के खिलाफ 10 सितंबर से होने वाले मैच से करेगी और उसके बाद 14 सितंबर को वह दुबई में पाकिस्तान से खेलेगी। भारतीय टीम का इस टूर्नामेंट के लिए कोई कोई अभ्यास मैच नहीं रखा गया है। भारतीय टीम ने अंतिम बार कोई टी-20 मैच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले फरवरी में इंग्लैंड से खेला था। भारतीय कोच गौतम गंभीर का मानना है कि अभ्यास मैचों की जगह इंट्रा-स्क्वाड मैचों को खेलना लाभदायक रहेगा।

भारतीय टीम इस प्रकार है - सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव और हर्षित राणा रिजर्व खिलाड़ी - प्रसिद्ध कृष्णा, वॉशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल और यशस्वी जायसवाल।

# युकी भांबरी की यूएस ओपन के सेमीफाइनल में हार, फिर भी हुए मालामाल

न्यूयॉर्क । यूएस ओपन के मेन्स डबल्स सेमीफाइनल में भारत के युकी भांबरी और उनके न्यूजीलैंड साथी माइकल वीनस को ब्रिटिश जोड़ी के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। कड़े मुकाबले में ब्रिटिश जोड़ी सालिसबरी और स्कुप्स्की ने एख सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6-7, 7-5,6-4 से जीत दर्ज कर ली और फाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ ही ब्रिटिश जोड़ी ने फ्लशिंग मीडोज में हार्ड कोर्ट ग्रैंड स्लैम इवेंट के फाइनल में जगह बना ली। पहले सेट में दोनों टीमें 3-3 की बराबरी पर थीं, इसके बाद भारत और कीवी जोड़ी ने बढ़त बनाई और आखिरकार सेट को टाई-ब्रेक तक ले गई। भांबरी और वीनस ने पहला सेट टाई-ब्रेक जोरदार अंदाज में 7-2 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी भांबरी-वीनस की जोड़ी की शुरुआत अच्छी रही लेकिन सालिसबरी और स्कुप्स्की ने वापसी कर मैच को एक और टाई ब्रेक तक पहुंचाया और इस बार ब्रिटिश जोड़ी ने जीत हासिल कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक तीसरा सेट ब्रिटिश जोड़ी के नाम रहा जिन्होंने 6-4 से जीत अपने नाम की। भांबरी और वीनस ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन को 6-0, 6-3 से हराकर की थी। दूसरे राउंड में भी उनका प्रदर्शन दमदार रहा जहां उन्होंने गोंजालो एस्कोबार और मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला को 6-1, 7-5 से मात दी।

**भांबरी-माइकल पैसों की बरसात-** फिलहाल, युकी भांबरी और माइकल वीनस को यूएस ओपन पुरुष डबल्स के सेमीफाइनल तक बेहतरीन सफर के लिए 2,50,000 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 2.20 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिली।

# दलीप ट्रॉफी- पंत की जगह टीम इंडिया में चुने गए इस खिलाड़ी ने खेली शानदार पारी, 3 रन से चूका दोहरा शतक

नई दिल्ली । तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज नारायण जगदीसन दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में दोहरे शतक से महज 3 रन से चूक गए। साउथ जोन की ओर से खेल रहे नारायण ने नॉर्थ जोन के खिलाफ मुकाबले में 197 रन की शानदार पारी खेली। जगदीसन के प्रथम श्रेणी में शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें इंग्लैंड दौरे पर आखिरी टेस्ट मैच के लिए ऋषभ पंत की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया था। आखिरी टेस्ट से पहले पंत को पैर में चोट लग गई जिस वजह से जगदीशन भारतीय स्क्वाड में चुने गए। लेकिन उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ प्लेइंग-11 में खेलने का मौका नहीं मिला। जगदीशन ने दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में दूसरे दिन की शुरुआत नाबाद 148 रन के स्कोर से की। उन्होंने पहले दिन अपना 11वां प्रथम श्रेणी शतक लगाया। दूसरे दिन के पहले सत्र में उन्होंने शानदार 197 रन बनाए लेकिन तीन रन से दोहरा शतक चूक गए। जगदीशन पहले ही प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दो दोहरे शतक लगा चुके है। जगदीशन ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन की 13 पारियों में 56 की औसत से 674 रन बनाए थे। जिसमें दो शतक और 5 अर्धशतक शामिल थे। पिछले सीजन ही जगदीशन ने रणजी ट्रॉफी में लगातार 200+ का स्कोर बनाया। रेलवे के खिलाफ 245* रन बनाने के बाद चंडीगढ़ के खिलाफ 321 रन का अपना व्यक्तिगत सर्वोच्च स्कोर भी बनाया। दाएं हाथ के बल्लेबाज जगदीशन का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत अब 49.58 है और अगर पंत और जुरेल दोनों समय पर ठीक नहीं हो पाते हैं तो वह भारत के लिए डेब्यू भी कर सकते है।



# महिला हॉकी एशिया कप 2025 : भारतीय महिला हॉकी टीम की बेहतरीन शुरुआत, थाईलैंड को 11-0 से दी पटखनी

**हांग्जो (एजेंसी)।** चीन के हांग्जो शहर में महिला हॉकी एशिया कप 2025 का आगाज हो गया है। इस दौरान भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड को 11-0 से हराकर बेहतरीन जीत के साथ की। गोन्गशु कैनाल स्पोर्ट्स पार्क हॉकी फील्ड में खेले गए इस मैच में भारत ने आक्रामक खेल दिखाते हुए थाईलैंड को एकतरफा अंदाज में हराया। भारतीय महिला टीम इस साल एफआइएच प्रो लीग के यूरोप फेज में आखिरी स्थान पर रही थी, लेकिन एशिया कप में उनसे बेहतरीन शुरुआत की।

महिला एशिया कप से पहले मैच में निचली रैंकिंग वाली थाईलैंड के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत करना खिलाड़ियों के लिए अच्छा है। अनुभवी गोलकीपर सविता और ड्रैग फ्लिकर और स्टार




फारवर्ड दीपिका के चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने से भारतीय टीम कमजोर दिखाई दे रही थी। लेकिन मुमताज खान, उडिता और ब्यूटी डुंग डुंग के शानदार खेल के कारण भारतीय टीम ने एक आसान जीत अपने नाम की।

भारत ने शुरू से ही अपना दबदबा बनाए रखा और शानदार गोल दागे। मुमताज खान, इडता, ब्यूटी डुंग डुंग ने दो-दो गोल किए जबकि संगीता कुमार, नवनीत कौर, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी और रुतुजा दादासो पिसाल ने एक-एक गोल किया। भारत ने पहले ही हाफ में 5-0 की बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरे हाफ में भारत का आक्रमण और तेज हुआ और खेल खत्म होते-होते टीम इंडिया ने 11 गोल कर दिए।

भारतीय टीम पूल बी में है जहां उसके साथ जापान, थाईलैंड और सिंगापुर शामिल हैं। जबकि पूल ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपे शामिल हैं। ये टूर्नामेंट 5 से 14 सितंबर तक चलेगा। थाईलैंड के बाद अब भारत का सामना कल यानी 6 सितंबर को जापान के साथ और 8 सितंबर को सिंगापुर से होगा।

# महिला विश्वकप के उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम पेश करेंगी श्रेया : आईसीसी

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि बॉलीवुड अभिनेत्री श्रेया घोषाल आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप 2025 के उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम पेश करेंगी। महिला विश्व कप का आयोजन भारत और श्रीलंका संयुक्त रुप से करेंगे। विश्व कप 30 सितंबर से 2 नवंबर तक खेला जाएगा। इसमें 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। विश्व कप भारत के चार शहरों और श्रीलंका के कोलंबो में खेला जाएगा। भारत में मैच गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और मुंबई में खेला जाएगा। श्रेया भारत और श्रीलंका के बीच टूर्नामेंट के पहले मैच से पहले गुवाहाटी में होने वाले उद्घाटन समारोह में अपना कार्यक्रम पेश करेंगी। घोषाल ने इस टूर्नामेंट का आधिकारिक गीत ब्रिंग इट होम भी रिकॉर्ड किया है। गौरतलब है कि विश्व कप का पहला मुकाबला 30 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच गुवाहाटी में खेला जाएगा। इस इवेंट के लिए टिकटों की ब्रिकी भी शुरु हो गयी है। इस साल इस आईसीसी वैश्विक आयोजन के लिए टिकटों की कीमतें काफी कम रखी गयी हैं। भारत में सभी लीग मैचों के टिकटों की कीमत पहले चरण में केवल 100 रुपये है। आईसीसी ने कहा कि कम कीमत रखने का कारण स्टेडिमय में लोगों की भीड़ खींचना है। महिला क्रिकेट वैश्विक स्तर पर लगातार बढ़ रहा है और कम कीमत से इसकी ओर रुझान बढ़ेगा।

# मेसी के घरेलू मैदान पर डबल से अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को हराया




ब्यूनस आयर्स । लियोनेल मेसी ने अपने आखिरी घरेलू विश्व कप क्वालीफायर में दो गोल दागे जिससे अर्जेंटीना ने गुरुवार को वेनेजुएला पर 3-0 से जीत हासिल की। 8 बार के बैलन डी' ओर विजेता मेसी, जो वार्मअप के दौरान भावुक हो गए थे, ने 39वें मिनट में जूलियन अल्वारेज के काउंटरअटैक क्रॉस पर गोलकीपर राफेल रोमो के ऊपर से शॉट मारकर मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। स्थानापन्न लुटारो मार्टिनेज ने निको गोंजालेज के बाएं बाईलाइन से कट-बैक के बाद डाइविंग हेडर से बढ़त दोगुनी कर दी। मेसी ने थियागो अल्माडा के साथ मिलकर 12 गज की दूरी से साइड-फुटिंग गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। 38 वर्षीय अर्जेंटीना के कप्तान ने 89वें मिनट में रोमो के ऊपर से गेंद को चिप करके अपनी हैट्रिक पक्की कर ली थी, लेकिन उन्हें ऑफसाइड करार दे दिया गया। मेसी, जिन्होंने पिछले हफ्ते कहा था कि यह क्वालीफ़ाइंग अभियान लगभग उनका आखिरी अभियान होगा, को अंतिम मिनटों में 80,000 से ज्यादा प्रशंसकों ने उनका नाम लेकर सलाम किया। एस्टाडियो मोनुमेंटल में हुए इस परिणाम के साथ अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में शीर्ष पर 10 अंकों की बढ़त के साथ एक मैच का दिन शेष रहते पहुंच गया है। वेनेजुएला, जो अपने पहले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में है, 10 टीमों की तालिका में सातवें स्थान पर बना हुआ है, जिससे उसे प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी। अगले मंगलवार को होने वाले क्वालीफ़ायर के अंतिम दौर में, अर्जेंटीना का सामना ग्वायाकिल में इक्वाडोर से होगा, जबकि वेनेजुएला माटुरिन में कोलंबिया की मेजबानी करेगा।

# पूर्व क्रिकेटर अमित मिश्रा का बड़ा आरोप, कहा-कप्तान के पसंदीदा खिलाड़ियों को ही मिलता है मौका

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारत के अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने बृहस्पतिवार को क्रिकेट के हर प्रारूप से संन्यास ले लिया और उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान दो अलग दौर का सामना किया। पहला दौर महान स्पिनर अनिल कुंबले की जगह लेने के साथ उनसे की जाने वाली अपेक्षाओं के भारी दबाव से निपटने में बीता तो दूसरा दौर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के आने से हुई प्रतिस्पर्धा से निपटने का रहा। इसमें से ऑफ स्पिनर अश्विन जहां महेंद्र सिंह धोनी की योजना का हिस्सा रहे तो वहीं जडेजा विराट कोहली की रणनीति के अनुकूल रहे। लेकिन लेग ब्रेक गेंदबाजी करने वाले और शानदार गुगली फेंकने वाले मिश्रा को अश्विन और जडेजा के साथ तीसरे विकल्प के रूप में काफी कम इस्तेमाल किया जाता।

प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद एक विशेष साक्षात्कार में मिश्रा ने कहा,



'यह बहुत निराशाजनक था। कभी आप टीम में होते हैं, कभी बाहर। कभी आपको प्लेइंग इलेवन में मौका मिलता है, कभी नहीं। बेशक, यह निराशाजनक है, और इसमें कोई शक नहीं कि मैं कई बार निराश हुआ।' उन्होंने कहा, 'लेकिन फिर आपको याद आता है कि आपका सपना भारत के लिए क्रिकेट खेलना है। आप राष्ट्रीय टीम के साथ हैं, और लाखों लोग वहां पहुंचने के लिए इतनी मेहनत कर रहे हैं। आप भारतीय टीम के 15 खिलाड़ियों में से एक हैं। इसलिए, मैंने सकारात्मक रहने की कोशिश की।'


प्रतिभा के बावजूद मिश्रा ने स्वीकार किया कि भारतीय टीम में अंदर-बाहर रहना मानसिक रूप से कठिन था। उन्होंने आगे कहा, 'जब भी मैं निराश होता था, मैं सोचता था कि मैं कहां सुधार कर सकता हूं। चाहे वह मेरी फिटनेस हो, बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, मैंने हमेशा बेहतर होने पर ध्यान केंद्रित किया। जब भी मुझे भारतीय टीम के लिए खेलने का मौका मिला, मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, और मैं इससे बहुत खुश हूं। मैं कड़ी मेहनत से कभी पीछे नहीं हटा।'

मिश्रा ने कहा, 'मैं कहूंगा कि मेरे लिए सबसे निर्णायक क्षण 2008 के IPL में ली गई हैट्रिक थी, जहां मैंने मैच में 5 विकेट भी लिए थे। उसके बाद मैंने भारतीय टीम में वापसी की। उससे पहले, मैं घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था, हर सीजन में 35-45 विकेट ले रहा था, लेकिन मैं राष्ट्रीय टीम में वापसी नहीं कर पाया। उस आईपीएल हैट्रिक ने मेरे लिए चीजें बदल दीं। मैंने पिछले साल सैयद मुश्ताक अली में भी अच्छा प्रदर्शन किया था और 25 विकेट लिए थे, जिससे मुझे IPL अनुबंध (दिल्ली डेयरडेविल्स) हासिल करने में मदद मिली। उस हैट्रिक के बाद मैं लगातार भारतीय टीम में वापसी करता रहा और टी-20 में मेरा करियर भी शुरू हो गया। इसलिए, 2008 में पाँच विकेट वाली वह हैट्रिक मेरे जीवन का एक निर्णायक क्षण होगी।'

मिश्रा ने विभिन्न कप्तानों द्वारा गेंदबाजों के अपने पसंदीदा चयन के बारे में अपना दृष्टिकोण रखा और यह भी कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा, 'कुछ खिलाड़ी कप्तान के पसंदीदा होते हैं। लेकिन इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। आपको बस जब भी मौका मिले खुद को साबित करना होता है। जैसा कि मैंने कहा, ये चीजें मायने नहीं रखतीं। कभी-कभी कोई खिलाड़ी जो आपसे बेहतर प्रदर्शन करता है, उसे ज्यादा पसंद किया जाता है, लेकिन जब आप अच्छा प्रदर्शन करने लगते हैं, तो सब कुछ बदल जाता है।'

उन्हें आईपीएल में विदेशी खिलाड़ियों की तुलना में भारतीय बल्लेबाजों को गेंदबाजी करना हमेशा ज्यादा चुनौतीपूर्ण लगता था। मिश्रा ने कहा, 'जब भी मैंने किसी जाने-माने भारतीय खिलाड़ी का विकेट लिया, मुझे गर्व महसूस हुआ। वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा, युवराज सिंह, गौतम गंभीर या विराट कोहली जैसे खिलाड़ी - ये ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी पल खेल का रुख बदल सकते हैं। आप अपने कौशल से किसी विदेशी खिलाड़ी को परेशान कर सकते हैं, लेकिन इन खिलाड़ियों को आप अच्छी तरह जानते हैं। जब आप उनका विकेट लेते हैं, तो आपको एक अलग, बहुत सकारात्मक एहसास होता है। मैं कहूंगा कि सभी भारतीय बल्लेबाज़ों के सामने गेंदबाज़ी करना स्पिनर के लिए मुश्किल होता है।'

# सबालेंका और अनिसिमोवा के बीच होगी यूएस ओपन में खिताबी भिड़ंत



न्यूयॉर्क । शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका और उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा बीच यूएस ओपन में महिला एकल वर्ग में खिताबी भिड़ंत होगी। बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता और मानसिक शक्ति का परिचय देते हुए एक सेट से पिछड़ने के बाद चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार रात दो घंटे तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी पेगुला को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। पेगुला ने न्यूयॉर्क के शोरगुल में उत्साहित दर्शकों के बीच पहला सेट जीतकर पासा पलटने की चेतावनी दी। अमेरिकी खिलाड़ी ने पेगुला ने सबालेंका की सहज गलतियों का फायदा उठाया और दो बार सर्विस ब्रेक करके 6-4 से पहला सेट अपने नाम कर लिया। इसके बाद बेलारूसी खिलाड़ी ने ऑफ-कोर्ट ब्रेक के बाद नए दृढ़ संकल्प के साथ वापसी की।

# महिंद्रा ने एसयूवी बीई 6 को नए रूप में किया गया पेश

**नई दिल्ली ।**

स्वदेशी कंपनी महिंद्रा के इलेक्ट्रिक इंग्लो प्लेटफॉर्म पर तैयार की गई एसयूवी बीई 6 को एक नए रूप में पेश किया गया है। हाल ही में महिंद्रा ने इसका बैटमैन एडिशन लॉन्च किया, जो दुनिया की पहली कमर्शियली उपलब्ध बैटमैन से प्रेरित एसयूवी है।

इसकी एक्स-शोरूम कीमत 27.79 लाख रुपये रखी गई है। खास बात यह है कि लॉन्चिंग के तुरंत बाद ही इस लिमिटेड एडिशन की बुकिंग पूरी हो गई। कंपनी ने शुरुआती चरण में केवल 300 यूनिट्स की बुकिंग खोली थी, लेकिन भारी डिमांड को देखते हुए इसे बढ़ाकर 999 यूनिट्स कर दिया गया। इसके बावजूद सभी यूनिट्स सिर्फ 135 सेकंड में बुक हो गईं। महिंद्रा ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में अपनी अन्य एसयूवी के लिए भी इस तरह के खास एडिशन लॉन्च किए जा सकते हैं। 20 सितंबर से इसकी डिलीवरी शुरू होगी, जबकि उससे पहले ही बीई 6 बैटमैन एडिशन को मुंबई की सड़कों पर देखा गया है। हावोक ब्लॉग्स के वीडियो में यह एसयूवी चलते हुए नजर आई है। रात के अंधेरे में इसका मैट-ब्लैक बॉडीवर्क और शार्प लाइटिंग एलिमेंट्स इसे बैटमोबाइल जैसी पहचान देते हैं। बड़े 20-इंच के अलॉय व्हील्स और सुनहरे रंग के सस्पेंशन व ब्रेक कैलिपर्स इसकी दमदार उपस्थिति को और खास बनाते हैं।

डार्क नाइट ट्रिलॉजी से प्रेरित इस एडिशन में हब कैप, फ्रंट क्वार्टर पैनल, रियर बंपर, विंडो और रियर विंडशील्ड पर बैट का प्रतीक चिन्ह दिया गया है। इसके अलावा इन्फिनिटी रूफ और कार्पेट लैंप पर भी बैट का साइन उकेरा गया है। इंटीरियर की बात करें तो एसयूवी में चारकोल लेदर इंस्ट्रूमेंट पैनल, स्यूडे लेदर अपहोल्स्ट्री और गोल्ड सेपिया स्टिचिंग दी गई है। गोल्ड एक्सेंट्स स्टीयरिंग व्हील, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक और अन्य डिटेलिंग को और आकर्षक बनाते हैं। सीट्स, बूस्ट बटन और इंटीरियर पार्ट्स पर भी बैट का प्रतीक चिन्ह उभरा हुआ है।



# जीएसटी 2.0 झटका या जैकपॉट? एसबीआई रिपोर्ट ने बताईं जरूरी बातें

**नई दिल्ली ।**

जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में टैक्स ढांचे को सरल बनाते हुए अब केवल दो मुख्य स्लैब लागू किए गए हैं 18 फीसदी (स्टैंडर्ड रेट) और 5 फीसदी (मेरिट रेट)।

इसके अलावा कुछ विशेष वस्तुओं पर 40 फीसदी डिमेरिट रेट भी रहेगा। इससे पहले की तुलना में टैक्स प्रणाली आसान और पारदर्शी होगी, जिससे मिडिल क्लास को सीधा फायदा होगा। कुल 453 वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी की दरें बदली गई हैं, जिनमें 413 पर टैक्स घटाया गया है और केवल 40 पर बढ़ाया गया है।

खासतौर पर 295 जरूरी सामानों की टैक्स दर 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी या शून्य कर दी गई है। इससे रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में करीब 25-30 आधार अंक की कमी होगी और महंगाई में कुल 65-75 आधार अंक तक कमी आने की उम्मीद है। यह बदलाव आम आदमी की जेब पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। टैक्स दरों में बदलाव से सरकार के राजस्व में 48,000 करोड़ रुपए की कमी आ सकती है, लेकिन बढ़ी हुई खरीदारी और टैक्सदाता संख्या के कारण वास्तविक घाटा केवल 3,700 करोड़ रुपए तक सीमित रहेगा। इससे फिस्कल डिफिसिट पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा। बीमा प्रीमियम पर जीएसटी खत्म होने से बीमा सस्ता होगा और इसकी पहुंच बढ़ेगी। साथ ही छोटे और मझोले उद्योगों को सप्लाई-चेन के जरिए ज्यादा काम मिलेगा, जिससे उत्पादन और रोजगार बढ़ेगा।

यह सुधार लंबे समय में देश की अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद साबित होगा।

## नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज़ ने सॉफ्ट ड्रिंक्स और बेवरेज सेक्टर में किया प्रवेश




### पटेल बेवरेजेज के साथ हुआ को-पैकिंग एग्रीमेंट, पोर्टफोलियो का होगा विस्तार

**नागपुर/इंदौर ।**

नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (NGIL) ने पटेल बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस को-पैकिंग एग्रीमेंट के तहत, नाकोडा ग्रुप पटेल बेवरेजेज के उत्पादों जैसे सॉफ्ट ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक का निर्माण, आपूर्ति और को-पैकिंग करेगा, जो उनके ब्रांड "NOC-TRL" के तहत बाज़ार में आएंगे।

इस समझौते से नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज़ को उपभोक्ता उत्पाद खंड में, विशेष रूप से बेवरेज सेक्टर में, प्रवेश करने का अवसर मिला है। इससे कंपनी के मौजूदा उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार होगा, जिसमें पहले से ही विभिन्न किस्म के मखाने और अन्य खाद्य उत्पाद शामिल हैं। वहीं, पटेल बेवरेजेज को भी एक नया क्लाइंट मिलने के साथ-साथ अपने टर्नओवर और उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी करने का मौका मिलेगा।

नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड 1989 से खाद्य उत्पादों के निर्माण और व्यापार में एक प्रतिष्ठित नाम रहा है। कंपनी उच्च गुणवत्ता वाले टूटी फ्रूटी (डाइस्ड चेलोरी), ड्राई फ्रूट्स, अनाज और दालों के लिए जानी जाती है। नागपुर में स्थित होने के कारण, कंपनी को उत्कृष्ट लॉजिस्टिक लाभ मिलते हैं, जिससे देशभर में ग्राहकों तक कुशल और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित होती है। कंपनी के प्रमुख क्लाइंट्स में ब्रिटानिया, वडीलाल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, हल्दीराम्स, अमूल जैसे बड़े और जाने-माने ब्रांड शामिल हैं।

## सोना जल्द जा सकता है 1.4 लाख प्रति 10 ग्राम!

**- यूक्रेन युद्ध और अमेरिका-डॉलर पर भरोसे में कमी से बढ़ रहे सोने के भाव**



**नई दिल्ली ।**

सोना हमेशा से महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता में सुरक्षित निवेश माना जाता रहा है। इस बार सोने की कीमतों में तेजी के पीछे सिर्फ महंगाई या घरेलू मांग नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक कारण हैं। यूक्रेन युद्ध और अमेरिका-डॉलर पर भरोसे में कमी के चलते कई देशों के सेंट्रल बैंक अपनी रिज़र्व रणनीति में बदलाव कर भारी मात्रा में सोना खरीद रहे हैं। तकनीकी चार्ट और विश्लेषण से पता चलता है कि सोने की कीमत 3,500 डॉलर से बढ़कर 4,750 डॉलर प्रति औंस तक जा सकती है, यानी करीब 35 फीसदी की वृद्धि संभव है। भारत में यह मूल्य 1,06,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1,40,000-1,45,000 रुपए तक पहुंच सकता है। 2025 की पहली तिमाही में सेंट्रल बैंकों ने पिछले पांच साल की तुलना में 24 फीसदी अधिक सोना खरीदा है। रूस के विदेशी रिज़र्व फ्रीज होने के बाद सोना राजनीतिक और आर्थिक संकट के समय सबसे भरोसेमंद सुरक्षा साधन बन गया है। इसके कारण विश्वभर के केंद्रीय बैंक हर साल 1,000 टन से अधिक सोना खरीद रहे हैं। भारत में भी सोने में निवेश का रुझान बढ़ा है। गोल्ड ईटीएफ में जून और जुलाई 2025 में 3,256 करोड़ रुपए का निवेश आया।

रुपये की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में बढ़ोतरी ने निवेशकों को सोने की ओर आकर्षित किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि सोने की कीमतों में अभी और तेजी आ सकती है। निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे एक साथ बड़ी राशि निवेश करने की बजाय किस्तों में निवेश करें और अपने पोर्टफोलियो का 5-10 फीसदी हिस्सा सोने में रखें ताकि वित्तीय सुरक्षा बनी रहे।

# डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में टेक दिग्गजों के साथ की मुलाकात

**- ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पिचाई, नडेला सहित प्रौद्योगिकी जगत के दिग्गजों की मेजबानी की**

**वॉशिंगटन।**

अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला, गूगल के सुंदर पिचाई, मेटा के मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, एप्पल के टिम कुक सहित प्रमुख टेक्नोलॉजी नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। ट्रंप ने इस अवसर पर इन तकनीकी नेताओं को 'उच्च आईक्यू वाला समूह' बताते हुए उनकी प्रशंसा की और कहा कि ये लोग व्यवसाय और नवाचार में क्रांति ला रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि यह समूह दुनिया के सबसे प्रतिभाशाली लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। मैं इस पर गर्व महसूस करता हूं। ये लोग हर उस क्षेत्र में बदलाव ला रहे हैं, जिसकी हम कल्पना भी कर सकते हैं।

बैठक में ट्रंप ने इन दिग्गजों से उनके विचार साझा करने को कहा। गूगल के सुंदर पिचाई ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) तकनीक का युग हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा परिवर्तनकारी दौर है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को इस क्षेत्र में सबसे आगे रहना होगा।' पिचाई ने ट्रंप के नेतृत्व की सराहना करते हुए सहयोग की इच्छा जताई।

सत्य नडेला ने कहा कि उद्योग को विशिष्ट बनाना केवल नवाचार से नहीं होता, बल्कि वैश्विक बाजार तक पहुंच से होता है। उन्होंने ट्रंप की भूमिका की सराहना की, जिन्होंने अमेरिकी तकनीक पर विश्व का भरोसा बढ़ाया। बिल गेट्स ने कहा कि वे अपने करियर के दूसरे चरण में हैं और सत्य नडेला के अच्छे काम से मिलने वाली धनराशि दान कर रहे हैं, जिस पर ट्रंप ने हंसी के साथ प्रतिक्रिया दी।

## दुग्ध उत्पादों की जीएसटी दरों में कटौती से दूरगामी लाभ होंगे- मिल्की मिस्ट

**- दुग्ध उत्पादों पर जीएसटी घटाने से मिलेगा उपभोक्ता और किसान को लाभ**



**चेन्नई ।** मिल्की मिस्ट डेयरी फूड लिमिटेड के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा है कि पनीर, मक्खन, घी जैसे दुग्ध उत्पादों पर जीएसटी दर घटाकर 5 प्रतिशत करने का फैसला उपभोक्ताओं और किसानों दोनों के लिए लाभकारी होगा। रत्नम ने बताया कि इस कदम से पौष्टिक और मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पाद सस्ते होंगे, जिससे उनकी मांग बढ़ेगी। इससे नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा और संगठित डेयरी क्षेत्र मजबूत होगा। उन्होंने इसे केवल कर सुधार नहीं बल्कि समावेशी विकास का उत्प्रेरक बताया। रत्नम के अनुसार, यह निर्णय औपचारिक डेयरी कारोबार को बढ़ावा देगा और किसानों को बेहतर कीमत दिलाने में मदद करेगा।



## छोटे चाय उत्पादकों ने हरी चाय पत्तियों के लिए एमएसपी की मांग की

**कोलकाता ।** देश के करीब 2.5 लाख छोटे चाय उत्पादक (एसटीजी) ने सरकार से हरी चाय की पत्तियों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करने की मांग की है। छोटे उत्पादकों का कहना है कि वे देश की कुल चाय उत्पादन में 50 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं, लेकिन बाजार में कीमतों में गिरावट और अस्थिरता के कारण उनकी आय प्रभावित हो रही है। भारतीय लघु चाय उत्पादक संघों के परिसंघ (सीआईएसटीए) के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि एसटीजी ने 35 रुपये प्रति किलोग्राम के एमएसपी की मांग की है, जिससे उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता बनी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे चाय उत्पादकों को कृषि किसानों के समान दर्जा दिया जाना चाहिए ताकि वे केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात में मंत्रालय ने इस मुद्दे पर जमीनी स्तर पर अध्ययन कराने की बात कही है। मंत्रालय एमएसपी के निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय मूल्य निर्धारण समिति भी गठित करेगा।

## सीसीआई ने एम्मार इंडिया पर प्रभुत्व के दुरुपयोग के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली ।** सीसीआई ने एम्मार इंडिया पर प्रभुत्व के दुरुपयोग के आरोपों को किया खारिज कॉम्पटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने एम्मार इंडिया लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ परियोजना के क्षेत्र में प्रभुत्व के दुरुपयोग और प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार के आरोपों को खारिज कर दिया है। यह मामला एक मुखबिर की शिकायत पर आधारित था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि एम्मार ने 97 खाली भूखंडों पर बिल्डर फ्लोर और गैर-विला आवासीय इकाइयों का निर्माण कर 'सिग्नेचर विला कम्युनिटी' की पहचान को नुकसान पहुंचाया। सीसीआई ने मामले की जांच के दौरान पाया कि गुरुग्राम में विला विकास एवं बिक्री के क्षेत्र में एम्मार इंडिया की प्रभुत्वशाली स्थिति नहीं है। बाजार में कई बड़े डेवलपर्स जैसे डीएलएफ, गोदरेज, टाटा हाउसिंग, सिग्नेचर ग्लोबल और वाटिका ग्रुप सक्रिय हैं, जो उपभोक्ताओं को विकल्प उपलब्ध कराते हैं। इसलिए, एम्मार द्वारा प्रभुत्व के दुरुपयोग के आरोप प्रथम दृष्टया निराधार पाए गए। प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत आरोपों का कोई मामला नहीं बनता है, इस आधार पर सीसीआई ने शिकायत को खारिज कर दिया। नियामक ने कहा कि संबंधित संस्थाओं के खिलाफ कोई प्रतिस्पर्धा-विरोधी कृत्य सिद्ध नहीं हुआ है। यह फैसला प्रतिस्पर्धा के संरक्षण और बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## जीएसटी सरलीकरण से महंगाई में राहत, राजस्व पर सीमित असर- एसबीआई रिपोर्ट

**जीएसटी दरों में बदलाव से 3,700 करोड़ रुपए की संभावित राजस्व हानि**

**कोलकाता ।**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की नवीनतम शोध रिपोर्ट के अनुसार, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों के सरलीकरण से सरकार को न्यूनतम 3,700 करोड़ रुपए की राजस्व हानि हो सकती है। हालांकि सरकार का अनुमान है कि इस बदलाव का शुद्ध वार्षिक राजकोषीय प्रभाव 48,000 करोड़ रुपए तक होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ती खपत और आर्थिक विकास से इस घाटे की भरपाई संभव है और इसका राजकोषीय घाटे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हाल ही में हुई जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में मौजूदा चार-स्तरीय दर संरचना (5, 12, 18, 28 फीसदी) दो-स्तरीय प्रणाली में बदला गया है। नई प्रणाली में 18 और 5 फीसदी की मानक दरें रखी गई हैं, जबकि कुछ विशेष वस्तुओं और सेवाओं पर 40 फीसदी की अवगुण दर लागू होगी। एसबीआई की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि जीएसटी दरों के युक्तिकरण से बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में लागत दक्षता बढ़ेगी और कर अनुपालन में सुधार होगा। प्रभावी औसत जीएसटी दर 2017 के 14.4 फीसदी से घटकर अब 9.5 फीसदी रह गई है। इसके अलावा, आवश्यक वस्तुओं की जीएसटी दर घटाने से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर 2025-26 में 0.25 फीसदी से 0.30 फीसदी तक कम हो सकती है। अनुमान है कि 2026-27 तक महंगाई दर 0.65 फीसदी से 0.75 फीसदी के भीतर नियंत्रित रहेगी। कुल मिलाकर, यह सुधार न केवल कर व्यवस्था को सरल बनाएगा, बल्कि उपभोक्ताओं और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए लाभकारी साबित होगा।

# शेयर बाजार सपाट कारोबार के साथ बंद हुआ

**सेंसेक्स 7.25 अंक गिरा, निफ्टी 6.70 अंक ऊपर आया**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को मिश्रित कारोबार हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी आईटी और एफएमसीजी शेयरों पर दबाव से दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 7.25 अंक की हल्की गिरावट के साथ ही 80,710.76 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 6.70 अंक की बढ़त के साथ ही 24,741.00 पर बंद हुआ। आज ऑटो शेयरों के कारण बाजार ऊपर आया। निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1.25 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। वहीं निफ्टी मेटल 0.68 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक 0.17 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.14 फीसदी और निफ्टी मीडिया 0.59 फीसदी के साथ बंद हुए। वहीं आईटी और एफएमसीजी शेयर नीचे आये। निफ्टी आईटी इंडेक्स -1.44 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी (-1.42 फीसदी), निफ्टी रियल्टी (-1.16 फीसदी) और निफ्टी इंडिया डिफेंस (-0.35 फीसदी) की गिरावट के साथ बंद हुआ।

आज लार्जकैप के विपरीत ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी दर्ज की गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 116.05 अंक या 0.20 फीसदी की तेजी के साथ 57,075.20 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 33.30 अंक करीब 0.19 फीसदी की बढ़त के साथ 17,655.25 पर था।सेंसेक्स में एमएंडएम, मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, इटरनल (जोमैटो), सन फार्मा, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील और एशियन पेंट्स के शेयर लाभ में रहे जबकि आईटीसी, एचटीएल टेक, टीसीएस, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचयूएल, एलएंडटी और टाइटन के शेयरों को नुकसान हुआ।




इससे पहले आज सुबह जीएसटी स्लैब में संभावित कटौती की उम्मीदों ने निवेशकों का भरोसा मजबूत किया। सेंसेक्स 300 अंकों की उछाल के साथ 81,012.42 पर खुला। उधर निफ्टी भी मजबूती के साथ 24,818.85 पर खुला। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर अब विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों और सिन गुड्स कंपनियों पर है, क्योंकि सरकार ने इन पर अतिरिक्त टैक्स लगाने की घोषणा की है। यह टैक्स कंपनजेशन सेस खत्म होने के बाद भी जारी रहेगा। वहीं एशियाई बाजारों में भी शुक्रवार को जोरदार तेजी रही। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 1.39 फीसदी चढ़ा, जबकि साउथ कोरिया का कॉस्पी और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 क्रमशः 0.26 फीसदी और 0.58 फीसदी ऊपर बंद हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जापानी ऑटो शुल्क में कटौती और चिप उत्पादकों पर सख्ती के फैसले ने वैश्विक बाजारों को सहारा दिया। वॉल स्ट्रीट के प्रमुख सूचकांक भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। एसएंडपी 500 में 0.80 फीसदी, नेस्डेक में 1 फीसदी और डाउ जोंस में 0.90 फीसदी की तेजी दर्ज हुई।

# अदाणी पावर को 1:5 के अनुपात में शेयर विभाजन के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिली

**- विभाजन के बाद शेयर की संख्या 2,480 करोड़ से बढ़कर 12,400 करोड़ हो जाएगी**

**नई दिल्ली ।**

अदाणी पावर को एक अगस्त 2025 को जारी डाक मतपत्र नोटिस के जरिये 1:5 के अनुपात में शेयर विभाजन के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि एक अगस्त की डाक मतपत्र नोटिस में उल्लिखित आवश्यक बहुमत के साथ प्रस्ताव को विधिवत पारित माना गया है। 10 रुपये मूल्य के प्रत्येक शेयर को दो रुपये अंकित मूल्य वाले पांच पूर्ण चुकता शेयर में विभाजित किया जाएगा, जो सभी दृष्टियों से समान होंगे। मतदान छह अगस्त सुबह नौ बजे से चार सितंबर को शाम पांच बजे तक चला। अदाणी पावर ने बताया कि निदेशक मंडल ने एक अगस्त 2025 को अपनी बैठक में खुदरा एवं छोटे निवेशकों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शेयर विभाजन को मंजूरी दी। कंपनी ने बताया कि शेयर के उप-विभाजन/विभाजन के कारण कंपनी की अधिकृत, जारी, अभिदत्त और चुकता शेयर पूंजी में कोई बदलाव नहीं होगा।




शेयर के उप-विभाजन की रिकॉर्ड तिथि, निदेशक मंडल द्वारा सदस्यों की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद तय की जाएगी। इस विभाजन के बाद शेयर की संख्या 2,480 करोड़ से बढ़कर 12,400 करोड़ हो जाएगी।

अदाणी पावर की स्थापना 1996 में हुई थी और 2009 में इसे शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया गया। इसके व्यवसाय एवं प्रदर्शन में पिछले कुछ वर्ष में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जिसके परिणामस्वरूप कंपनी की प्रतिभूतियों के बाजार मूल्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## तेल व गैस ईएंडपी सेवाओं पर बढ़ा जीएसटी

**- कंपनियों की लागत और मुनाफे पर दोहरी मार**

**नई दिल्ली ।**

भारत में तेल और गैस के खोज और उत्पादन (ईएंडपी) क्षेत्र को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि जीएसटी परिषद ने इस क्षेत्र में उपयोग होने वाली वस्तुओं और सेवाओं पर कर दर को 12 फीसदी से बढ़ाकर 18 फीसदी कर दिया है। इस निर्णय से कंपनियों की उत्पादन लागत में इजाफा होना तय है, जबकि कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस अभी भी जीएसटी के दायरे से बाहर हैं। इसका मतलब है कि इन उत्पादों की बिक्री पर कंपनियां इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का पूरा लाभ नहीं उठा सकेंगी, जिससे फंसे हुए कर का बोझ बढ़ेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यह वृद्धि ऐसे समय में की गई है जब वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। अप्रैल 2025 से ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 66 डॉलर/बैरेल पर आ गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 फीसदी कम है। ओएनजीसी जैसी प्रमुख कंपनियों की प्राप्ति में 20 फीसदी की गिरावट आई है, जिससे उनकी आय और मार्जिन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। आईसीआरए के एक वरिष्ठ अे धिकारी ने चेताया कि कर वृद्धि और कम ऊर्जा कीमतों के चलते कुछ परियोजनाएं आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं रह जाएंगी। हालांकि सरकार द्वारा ओएएलपी-एक्स जैसे नए सुधार लाए गए हैं, लेकिन जीएसटी दरों में वृद्धि ने इन प्रयासों की गति को धीमा करने का खतरा पैदा कर दिया है।

## जीएसटी परिषद ने ईवी पर 5 फीसदी रियायती दर बरकरार रखी

**- टाटा और महिंद्रा जैसी कंपनियों ने जताई राहत**

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर 5 प्रतिशत की रियायती जीएसटी दर को बरकरार रखने का फैसला किया है। इससे ईवी निर्माता कंपनियों को बड़ी राहत मिली है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि 20 लाख से 40 लाख रुपये तक की इलेक्ट्रिक कारों पर जीएसटी बढ़ाकर 18 प्रतिशत और 40 लाख रुपये से अधिक कीमत वाली कारों पर 28 प्रतिशत करने पर विचार हो सकता है। यह खबर इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से बढ़ रहे उद्योग में चिंता का कारण बनी थी। टाटा मोटर्स के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इस फैसले को भारत की पर्यावरण-अनुकूल और शून्य उत्सर्जन वाली मोबिलिटी के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में देखा है। उन्होंने इसे दीर्घकालिक नीतिगत स्थिरता का संकेत भी बताया। महिंद्रा एंड महिंद्रा के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 5 प्रतिशत जीएसटी दर जारी रखने से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की गति तेज होगी और भारत का स्वच्छ मोबिलिटी क्षेत्र मजबूत होगा। हालांकि, ईवी निर्माता अब पेट्रोल और डीजल की छोटी कारों से मुकाबला करेंगे, जिन पर 18 प्रतिशत की कम कर दर लागू है। इससे बाजार प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। वोल्वो और मर्सिडीज-बेंज जैसी लग्जरी कार कंपनियों ने भी इस निर्णय का स्वागत किया है। इन कंपनियों ने इसे कार्बन मुक्त भविष्य की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता बताया है।



## छोरियाँ चली गाँव में दिल और चुनौतियाँ जीत रही हैं कृष्णा श्रॉफ

फिटनेस आइकन और एंटरप्रेन्योर कृष्णा श्रॉफ छोरियाँ चली गाँव में शक्ति और शालीनता दोनों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के अर्थ को नए सिरे से परिभाषित कर रही हैं। यह शो जहां शारीरिक कौशल, मानसिक रणनीति और भावनात्मक मजबूती की परीक्षा लेता है, वहीं कृष्णा अपनी खासियत से सबका ध्यान खींच रही हैं — गहरी दोस्ती और फोकस प्रतिस्पर्धी भावना के बीच संतुलन बनाने की अपनी दुर्लभ क्षमता के लिए उभर कर सामने आई हैं। एरिका पैकार्ड के साथ उनका दोस्ती का रिश्ता बेहद मजबूत है, जबकि सुमुखी सुरेश (जिन्होंने निजी कारणों से शो छोड़ दिया) के साथ उनकी आपसी समझ और सम्मान, उनके स्वाभाविक जुड़ाव को दर्शाते हैं। फिर भी, कृष्णा ने इन संबंधों को कभी अपने फ़ैसलों या जीत के इरादे पर हावी नहीं होने देतीं। वह स्पष्ट सोच वाली हैं और पूरी तरह समर्पित, यह साबित करते हुए कि मजबूत रिश्ते और शानदार खेल दोनों एक साथ संभव हैं। वह जीत के लिए पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन अपनी ईमानदारी से समझौता किए बिना।

अपनों से आगे बढ़कर कृष्णा ने हर किसी के साथ सार्थक रिश्ते बनाए हैं। अंजुम फ़कीह को वह बड़ी बहन कहती हैं और हाल ही में बाहर हुई रमीत संधू के साथ भी उनके पल बेहद सच्चे और दिल से जुड़े रहे। कृष्णा एक ऐसी गर्मजोशी और समावेशिता लाती हैं जिसे नज़रअंदाज़ करना मुश्किल है। चाहे टीम टास्क हो या व्यक्तिगत चुनौती, कृष्णा दूसरों को आगे बढ़ने का मौका देती हैं, बिना किसी को अलग-थलग महसूस कराए या प्रतियोगिता को निजी बनाएं बिना।

यही समावेशी और संतुलित दृष्टिकोण है, जो उन्हें प्रतिद्वंद्वियों के बीच भी शांत प्रशंसा दिलाई है। तेज़-तर्रार माहौल के बावजूद, कृष्णा अपने व्यवहार में लगातार सम्मानजनक और जमीन से जुड़ी हुई रहती हैं — चाहे वह अनिता हसनंदानी के साथ हो, डबल धमाल सिस्टर्स सुरभि-समृद्धि की जोड़ी के साथ, या फिर डॉली जावेद और वाइल्ड कार्ड एंट्री माएरा मिश्रा के साथ। एक ऐसा शो जिसमें अक्सर ड्रामा देखने को मिलती है, वहां कृष्णा स्पष्ट सोच और चरित्र की मिसाल बनकर उभरती हैं।

दोस्ती और निष्पक्ष प्रतिद्वंद्विता, दोनों के लिए जगह बनाए रखने की उनकी क्षमता दुर्लभ है और कृष्णा इसे बिना किसी का सम्मान घटाए बखूबी निभा रही हैं। भले ही वह अपनी शारीरिक ताकत के लिए पहचानी जाती हों, लेकिन 'छोरियां चली गांव' में उनकी असली चमक उनके दबाव में भी उनका शालीन व्यवहार ही सबका ध्यान खींच रहा है।



# नीरू बाजवा और रुबीना दिलैक का पंजाबी फिल्म और टीवी पर राज

पंजाबी फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री में आज कई ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। नीरू बाजवा और रुबीना दिलैक ऐसे ही दो नाम हैं जो पंजाबी सिनेमा और टीवी की दुनिया में अपनी अलग पहचान रखते हैं। दोनों ने अपने अभिनय के दम पर पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री को मजबूती दी है और साथ ही दर्शकों का मनोरंजन भी किया है। पंजाबी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने में इन दोनों का योगदान काफी महत्वपूर्ण है। जहां नीरू बाजवा को पंजाबी सिनेमा की सबसे सफल अभिनेत्रियों में गिना जाता है, वहीं रुबीना दिलैक ने टीवी और फिल्मों दोनों में अपनी छाप छोड़ी है। दोनों कलाकारों ने न केवल पंजाबी फिल्मों में काम किया, बल्कि टेलीविजन पर भी अपनी अच्छी-खासी मौजूदगी दर्ज कराई है। उनकी फिल्मों और सीरियल्स ने पंजाब की संस्कृति, लोगों के जीवन और पारिवारिक रिश्तों को खूबसूरती से पेश किया है। इसी वजह से वे पंजाबी सिनेमा और टीवी की जानी-मानी हस्तियां बन चुकी हैं।

नीरू बाजवा का जन्म 26 अगस्त 1980 को कनाडा के सरे शहर में हुआ था। वह एक भारतीय परिवार से ताल्लुक रखती हैं। नीरू ने अपने करियर की शुरुआत 1998 में हिंदी फिल्म मैं सोलह बरस की से की थी, लेकिन बाद में उन्होंने पंजाबी फिल्मों में ज्यादा काम किया और वहां उन्हें काफी सफलता मिली। नीरू की पंजाबी फिल्मों में जट्ट एंड जूलियट, सरदार जी, लौंग लाची, शादा जैसी कई हिट फिल्में शामिल हैं। उन्होंने पंजाबी सिनेमा में अपनी खास जगह बनाई और तीन बार पीटीसी पंजाबी फिल्म पुरस्कार भी जीता। पंजाबी फिल्मों में बेहतरीन अभिनय के लिए उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला।

नीरू ने सिर्फ अभिनय ही नहीं किया, बल्कि पंजाबी फिल्मों के निर्देशन और प्रोडक्शन में भी हाथ आजमाया है। 2017 में उन्होंने पंजाबी फिल्म सरगी का निर्देशन किया, जो उनकी बहन रुबीना बाजवा की शानदार फिल्म थी। नीरू का योगदान सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, उन्होंने हॉलीवुड की अलौकिक थ्रिलर फिल्म इट लिव्स इनसाइड (2023) के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी छवि बनाई। नीरू बाजवा ने टीवी में भी काम किया, जिसमें अस्तित्व...एक प्रेम कहानी, जीत, बंदूकें गुलाब, और हरी मिर्ची लाल मिर्ची जैसे सीरियल शामिल हैं। वह हाल ही में रिलीज हुई अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 में भी नजर आईं।

रुबीना दिलैक की बात करें, तो उनका जन्म 26 नवंबर 1989 को हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में हुआ। अपनी पढ़ाई



पूरी करने के बाद मॉडलिंग और अभिनय की ओर रुख किया। रुबीना ने टीवी इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत की, लेकिन पंजाबी फिल्मों में अपनी पहचान बनाई। टीवी सीरियल छोटी बहू में उनके अभिनय को काफी पसंद किया गया। इसमें उन्होंने राधिका नाम की लड़की का किरदार निभाया, जो घर-घर में मशहूर हुआ। इसके बाद वह सास बिना ससुराल, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, पुनर्विवाह- एक नई उम्मीद, देवों के देव...महादेव, जीनी और जूजू जैसी सीरियल्स में नजर आईं। उन्होंने बिग बॉस 14, फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 12, और झलक दिखला जा 10 सहित कई रियलिटी शो किए। वह बिग बॉस 14 की विजेता भी रहीं। उन्होंने चल भज्ज चलें जैसी पंजाबी फिल्मों में काम किया। रुबीना ने कई पुरस्कारों के लिए नामांकन हासिल किए और कई बार जीत भी हासिल की है। टीवी और फिल्मों दोनों में उनकी लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

नीरू बाजवा और रुबीना दिलैक की मेहनत और लगन ने पंजाबी फिल्म और टीवी इंडस्ट्री को मजबूती दी है। दोनों पंजाबी सिनेमा और टीवी की चमकती हुई हस्तियां हैं।




## कनिका मान ने दिया लूट मुबारक के लिए निमंत्रण!

पंजाबी और टीवी जगत की मशहूर अभिनेत्री कनिका मान ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक खास पोस्ट की, जिसने उनके फैंस का जोश हाई है। ये पोस्ट उनकी आने वाली फिल्म लूट मुबारक का आधिकारिक पोस्टर है, जिसमें फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाया गया है। कनिका मान ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लूट मुबारक फिल्म का पोस्टर साझा किया, जिसमें फिल्म का नाम गुरमुखी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखा हुआ है। पोस्टर में मुख्य कलाकार हरीश वर्मा और कनिका मान के नाम भी नजर आ रहे हैं। साथ ही फिल्म के निर्माता, निर्देशक और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई है। यह फिल्म 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में ड्रामा, बदला और प्यार देखने को मिलेगा।

कनिका मान ने अपने कैप्शन में लिखा है, वाहेगुरु जी! जब हमारे दिल उन लोगों के लिए दुखते हैं जो विपदा का सामना कर रहे हैं, तब हम अपनी नई फिल्म एक छोटे से संदेश के रूप में साझा करते हैं, जो बताती है कि कहानियां सिर्फ मनोरंजन का जरिया नहीं होतीं, बल्कि वे हमें जोड़ती हैं, हमें ताकत देती हैं और दुखों को कम करने में मदद करती हैं। सोशल मीडिया पर उनके फैंस इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और आने वाली फिल्म के लिए शुभकामनाएं भी दे रहे हैं। बता दें कि कनिका हाल ही में पंजाबी फिल्म जॉम्बीलैंड में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ बिन्नू ढिल्लों, अंगीरा धर, जी खान गुरी, धनवीर सिंह और जस्सा ढिल्लों समेत कई कलाकार अहम किरदार में हैं। यह फिल्म भारत की पहली पंजाबी जॉम्बी कॉमेडी है, जिसे लेखक-निर्देशक थापर ने बनाया था। वहीं इसे नेक्स्ट लेवल प्रोडक्शंस के बैनर तले नीरज रुहिल और सुभव शर्मा द्वारा निर्मित किया गया। यह फिल्म पांच भाषाओं पंजाबी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुई थी।

## यूएनएफपीए की ब्रांड एंबेसडर बनीं कृति सेनन



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। वो संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की ब्रांड एंबेसडर बनाई गई हैं। यह संयुक्त राष्ट्र संघ की एक संस्था है जिसका कार्य महिला, पुरुष और बच्चों के अधिकार, स्वास्थ्य और समान अवसर के साथ सुखी जीवन को बढ़ावा देना है। ब्रांड एंबेसडर बनने के बाद उन्होंने अपनी भूमिका के बारे में बात की और बताया कि कैसे अपने करियर की शुरुआत में उन्हें लैंगिक असमानता का सामना करना पड़ा। कृति सेनन ने बॉलीवुड में वेतन असमानता के बारे में भी बात की। सेनन ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। ये बहुत बड़ा सम्मान है और उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी। मैं इसके लिए बहुत उत्सुक हूं, क्योंकि मुझे हमेशा से ये लगता था कि मैं कुछ ऐसा बदलाव ला सकूं जो मेरे दिल के करीब हो। मेरा मानना है कि लैंगिक असमानता बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। ये बहुत बड़ा मुद्दा है, फिर चाहे बात जेंडर बेस्ड वायलेंस की हो या गर्ल चाइल्ड एजुकेशन की हो। मुझे खुशी है कि मैं यूएनएफपीए के साथ मिलकर ऐसे लोगों के लिए अब कुछ कर पाऊंगी, उनका साथ दे पाऊंगी। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने देश का वैश्विक स्तर पर प्रतिनिधित्व करना चाहती थी, अपनी आवाज के जरिए ऐसे मुद्दों को उठाना चाहती थी, जिससे लोगों के जीवन खुशहाल बन सकें।



# मेरा उद्देश्य विवाद पैदा करना नहीं, सिर्फ सच दिखाना है

**डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द बंगाल फाइल्स जल्द रिलीज होने वाली है। रिलीज से पहले फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ। इसके अलावा फिल्म काफी समय से कोई ना कोई वजह से सुर्खियों में भी बनी हुई है। विवेक अग्निहोत्री फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' को लेकर बातचीत की।**

**द बंगाल फाइल्स का आइडिया कहां से आया?**

जब हमने द कश्मीर फाइल्स बनाई थी, तब हमने सिर्फ एक फिल्म नहीं बनाई थी। हमने एक मूवमेंट शुरू किया था और उस मूवमेंट का नाम था - राइट टू ट्रुथ। हमारी टीम का मानना है कि हर भारतीय को यह हक है कि उसे सच पता चले और सच हमेशा किताबों में या अखबारों में नहीं लिखा होता। कभी-कभी सच को छिपा दिया जाता है, ताकि लोग उसे न जान सकें। द कश्मीर फाइल्स बनाने के बाद, हमने तय किया कि अगली फिल्म बंगाल पर होनी चाहिए। क्योंकि बंगाल का इतिहास बहुत गहरा और जटिल है।

**द बंगाल फाइल्स में क्या दर्शक आपसे द कश्मीर फाइल्स से बेहतर की उम्मीद कर सकते हैं?**

दर्शक हमेशा उम्मीद करते हैं और मैं उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करती हूं। द बंगाल फाइल्स में मेरा किरदार बिल्कुल अलग है। यह किरदार मुझे एक नई चुनौती देता है और मुझे लगता है कि दर्शक जब इसे देखेंगे तो चौंक जाएंगे क्योंकि यह रोल पहले किए गए मेरे सभी किरदारों से बिलकुल अलग है।

**जब आप द बंगाल फाइल्स बना रहे थे, तो क्या आपको लगा था कि फिर से पिछली फिल्मों जैसा विवाद होगा?**

विवाद होना मेरे लिए कोई नई बात नहीं है। विवाद तब होता है जब आप सच बोलते हैं। अगर मैं सिर्फ मनोरंजन की फिल्में बनाऊं, तो शायद कभी विवाद न हो। लेकिन जब आप सच्चाई पर उंगली रखते हैं, तो कई लोगों को तकलीफ होती है और वही लोग विवाद खड़ा करते हैं। लेकिन मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि मैं जानता हूं कि मेरा मकसद सिर्फ सच को सामने लाना है और मुझे लगता है कि जनता भी यही चाहती है- सच जानना। तो चाहे विवाद हो या न हो, मैं अपनी राह से पीछे नहीं हटूंगा।


**आपको कभी लगता है कि विवाद आपकी फिल्मों को नुकसान पहुंचाता है?**

विवाद फिल्मों को नुकसान नहीं पहुंचाते। बल्कि कभी-कभी विवाद ही लोगों को फिल्म देखने थिएटर तक खींच लाते हैं। लेकिन मेरा उद्देश्य विवाद पैदा करना नहीं है। मेरा उद्देश्य सिर्फ सच दिखाना है। अब अगर सच से विवाद होता है, तो यह समाज की जिम्मेदारी है कि वह इसका सामना करे।

**विवेक आपने कहा था कि ट्रोल्स अब आपको परेशान नहीं करते। लेकिन क्या कभी उनकी बातें आपको चोट पहुंचाती हैं?**

पहले पहुंचती थी। लेकिन अब मैंने समझ लिया है कि जो सच बोलता है, उसे गालियां भी मिलती हैं और अगर मैं सच की वजह से गालियां खा रहा हूं, तो यह मेरे लिए सम्मान है।

## पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की भूमिका में नजर आएंगे धनुष



साउथ एक्टर धनुष ही फिल्म कलामः जल्द द मिसाइल मैन ऑफ इंडिया में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक ओम राउत का मानना है कि धनुष से बेहतर इस किरदार को कोई और नहीं निभा सकता है। निर्देशक ओम राउत ने कहा... धनुष एक बेहतरीन एक्टर हैं। मुझे खुशी है कि उन्होंने यह भूमिका निभाने के लिए हामी भरी है। मैं व्यक्तिगत रूप से उन्हें बहुत मानता हूं और इस फिल्म में उनके साथ काम करने को लेकर उनसे बेहतर इस फिल्म और इस उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि किरदार को और कोई नहीं निभा सकता।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in